Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Sunday, 06 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 81 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

जितना तुम्हारा सच है, उतना ही कहो।

-अज्ञेय

Sara Ali Khan Visits...

नौकरशाही

ब्रजेश मिश्र

केंद्रीय एजेंसियों की दोबारा सक्रियता राज्य की नौकरशाही के एक बड़े वर्ग को फिर बेचैन कर रही है। कहा जा रहा है कि जांच का दायरा जैसे-जैसे बढ़ेगा, वैसे-वैसे कई और मछलियां जाल में फंसने वाली हैं। क्या चल रहा है अंदरखाने, जानें 'द फोटोन न्यूज' के एवजीक्यूटिव एडिटर की कलम से।

'अरुण' यह मधुमय देश हमारा

अरुण यह मधुमय देश हमारा, जहां पहुंच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा...। बरामदे में पांव रखते ही जयशंकर प्रसाद की ये पंक्तियां कानों में पड़ीं। कुछ कदम अंदर की ओर बढ़े तो देखा गुरु अपने पुस्तकालय में बैठे हैं। हाथ में किताब लिए कविता पाठ कर रहे हैं। सामने चाय की प्याली पड़ी है। उपस्थिति का अहसास कराने के लिए ध्यान भंग करना मजबूरी थी। लिहाजा बात अभिवादन के साथ शुरू की। गुरुवर प्रणाम! कहां इतनी सुबह-सुबह अध्ययन कार्य में रत हो गए। गुरु को हस्तक्षेप का यह तरीका शायद पसंद आया। बोले- अरे प्रणाम। आओ, आओ। तुम्हारी रुचि की पटकथा है। आराम से बताते हैं। मिजाज देखकर लगा गुरु कुछ बेहद मनोरंजक सुनाने वाले हैं। सामने पड़ी कुर्सी खींच कर बैठ गया। गुरु बोले- आज सुबह-सुबह एक फोन आया। फोन करने वाला व्यक्ति यह जानना चाहता था कि छापा कहां-कहां पड़ा? तुम्हें तो पता ही होगा? गुरु की अंतिम पंक्ति उत्तर की अपेक्षा कर रही थी। इसलिए जवाब देना जरूरी था। हां- गुरु

सुना तो है। एजेंसी वनांचल की सेहत जांच में जुट गई है। गुरु बोले- हां! बिल्कुल सही पकड़े हो। बताने वाले दावा करते हैं कि सबसे बड़ा खेला सेहत सुधार के नाम पर ही हुआ है। इस पूरे खेल में कैप्टन और वाइस कैप्टन के अलावा लाल फीताशाही वाले कई सूरमाओं ने हाथ साफ किए हैं। लाख कोशिशों के बाद इनके हाथों पर खून के छींटे कुछ न कुछ बच ही गए हैं। अब जबकि जांच के नाम पर पुरानी फाइल खंगाली जा रही हैं। ऐसे में कई लोगों के दिल बैठे जा रहे हैं। यह पूरा घटनाक्रम सुनकर कवि हृदय बेचैन हो गया। अचानक 'प्रसाद' याद आ गए। कविता की पंक्तियां बरबस गुनगुनाने लगा। इस लिए किताब लेकर बैठ गया। वाक्य पूरा होने के साथ गुरु अपनी तरफ से स्थिति स्पष्ट कर चुके थे। दूसरी तरफ श्रोता के तौर पर मस्तिष्क में कहानी और कविता का परस्पर संबंध स्थापित नहीं कर पा रहा था। जिज्ञासु स्वभाव ने फिर प्रश्न पूछने पर मजबूर कर दिया। गुरु कुछ समझा नहीं? सवाल सुनकर गुरु थोड़े हतप्रभ हो गए। बोले- अरे यार! इतने लंबे समय से कौन सी पत्रकारिता कर रहे हो? यह मधुमय देश भी अरुण का ही था। यहां भी कई अनजान क्षितिजों ने सहारा लिया। जबसे छापेमारी की सूचना फिजां में फैली है, 'अरुण' से लेकर क्षितिज तक बेचैन हो गए हैं। पता नहीं कब किस खिड़की से कौन सी किरण अंदर आ जाए और कौन से छिपे रहस्य खोलकर रख दे? एक तरफ धन्ना के पास अन्ना बदलने का विकल्प है। दूसरी तरफ सेवानिवृत्ति लाभ गन्ना होने का डर सता रहा है। बात पूरी कर गुरु कुर्सी से खड़े हो गए। लिहाजा आधी-अधूरी समझ लेकर रुखसत होने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। दिमाग में बस गुरु की बात घूम रही थी धन्ना, अन्ना, 'अरुण?'...।

मंईयां सम्मान योजना के कई फॉर्म गुम, अनेक जगह गलत डाटा की हुई एंट्री, लाभुक परेशान

अधिकारियों के अनुसार, सॉफ्टवेयर की धीमी गति के कारण काम में आ रही बाधा

अंचल कार्यालय के चक्कर काट रहीं महिलाएं, नहीं हो रहा समाधान

PHOTON NEWS RANCHI :

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मंइयां योजना में कई गड़बड़ियों की शिकायत मिल रही है। सदर अंचल में फॉर्म भरने और सत्यापन की प्रक्रिया में अव्यवस्था और तकनीकी खामियां लाभुकों को परेशान कर रहे हैं। अब तक लगभग 10 से 12 हजार फॉर्म आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अंचल कार्यालय में जमा किए हैं। लेकिन, कई लाभार्थियों के फॉर्म गुम हो गए हैं या नहीं मिल रहे हैं। कुछ लाभुकों के फॉर्म में गलत वॉर्ड चढ़ा दिया गया है। इसकी वजह से लाभुक आंगनबाड़ी और अंचल कार्यालय के चक्कर काट रही हैं। लेकिन, उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

अपलोडिंग व सत्यापन में तकनीकी दिक्कतें

अंचल कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों के मुताबिक, मंईयां योजना की सबसे बड़ी समस्या सॉफ्टवेयर की धीमी गति है। सदर अंचलाधिकारी ने खुद स्वीकार किया है कि फॉर्म अपलोडिंग और सत्यापन में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। इस संबंध में विभाग को सूचित कर दिया गया है। आंगनबाड़ी सेविकाओं के अनुसार, सिर्फ तकनीकी दिक्कतें नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही भी परेशानी का कारण बन रही है। सेविकाओं ने बताया कि कई लाभार्थियों के फॉर्म गुम हो गए हैं या मिल ही नहीं रहे हैं।

लगभग 10 से 12 हजार फॉर्म आंगनबाड़ी सेविकाओं ने अंचल कार्यालय में किए हैं जमा

रांची की 4.31 लाख महिलाओं को मिली 7500 रुपये की सम्मान राशि

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के अंतर्गत रांची जिले की 4 लाख 31 हजार 393 महिलाओं को पहली तिमाही (जनवरी, फरवरी और मार्च) की एकमुश्त ₹7500 की सम्मान राशि प्रदान की गई है। यह राशि सीधे लाभुकों के बैंक खातों में स्थानांतरित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल 4.31 लाख लाभुक महिलाओं में से 308282 को उनके आधार से लिंक्ड खातों में राशि स्थानांतरित की गई, जबकि शेष 123111 महिलाओं को उनके बैंक खाता विवरण के आधार पर भुगतान किया गया।

SARAFA

सोना	:	8,500
चांदी	:	103.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन

MUMBAI : हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार को आज, शनिवार को दोपहर 12 बजे उन्हें अंतिम विदाई दी गई। दिग्गज अभिनेता का अंतिम संस्कार काफी गमगीन माहौल में विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान घाट में हुआ। 'भारत कुमार' के नाम से प्रसिद्ध अभिनेता मनोज कुमार अब पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर किया गया, जहां उन्हें राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी गई। यह सम्मान न केवल उनके सिनेमा में अतुलनीय योगदान के लिए था, बल्कि उनकी देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्मों और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाता है। मनोज कुमार अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका सिनेमा, आदर्श और व्यक्तित्व हमेशा भारतीय सिनेप्रेमियों के दिलों में जीवित रहेगा।

जवानों ने एलओसी पर घुसपैठिए को मार गिराया

SRINAGAR : जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। घटना 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर में हुई, जब सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने संदिग्ध हलचल देखी। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि अब्दुलियां सीमा चौकी पर तैनात जवानों ने एक व्यक्ति को सीमा पार करते देखा। उसे चेतावनी दी गई, लेकिन वह नहीं रुका और भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश करता रहा। सुरक्षा को देखते हुए जवानों ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। साथ ही घुसपैठिए के शव को मौके से हटाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। इससे पहले 1 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया था। घटना पुंछ में एलओसी पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

मुख्यमंत्री ने रामनवमी को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

दहशतगर्दों पर रहेगी नजर, हाईकोर्ट के आदेश का हो पालन : हेमंत सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI :

शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों के साथ रामनवमी महोत्सव को लेकर बैठक की। इसमें उन्होंने राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सुनियोजित तरीके से अफवाह या अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे राज्य में रामनवमी महोत्सव आपसी प्रेम-सौहार्द, भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इस पर फोकस रखें। साथ ही उन्होंने दशहतगर्दों पर नजर रखने को कहा है। इतना ही नहीं अखाड़ा समितियों से भी हाईकोर्ट के आदेश का पालन करने को कहा है।

डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति कराएं उपलब्ध

- शोभायात्रा में बाइक रैली की नई परंपराओं पर रोक लगाने का निर्देश
- सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन से की जाएगी निगरानी
- सुनियोजित तरीके से अफवाह फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध सुनिश्चित करें कार्रवाई

संवेदनशील जगहों पर विशेष चौकसी

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि रामनवमी महोत्सव पर शोभायात्र व अन्य धार्मिक आयोजन होते हैं, इसलिए यह समय काफी संवेदनशील हो जाता है। वैसे चिह्नित स्थान जहां इन आयोजनों के समय कोई छोटी-बड़ी घटनाएं होने की ज्यादा संभावनाएं रहती हैं, उन जगहों पर विशेष चौकसी रखी जाए।

शोभायात्रा का करें भौतिक सत्यापन

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाइसेंसी व गैर लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को डीजे बजाने से संबंधित उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराना हर हाल में सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करने वालों पर क्या कार्रवाई किए जाने का नियम है, यह जानकारी अखाड़ा समितियों को दें, ताकि नियम का उल्लंघन न हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शोभायात्रा के दौरान सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन से नजर रखी जाए। शोभायात्रा का भौतिक सत्यापन अवश्य करें।

आम लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले कुछ वर्षों से रामनवमी महोत्सव के दौरान आयोजित शोभा यात्राओं पर बाइक रैली निकालने की नई परंपरा की शुरूआत हो रही है। किसी भी हाल में बाइक रैली न निकले यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनमानस की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बाइक रैली से आम जनमानस के साथ-साथ रैली आयोजकों पर असुरक्षा का खतरा बढ़ता है। ऐसे में बाइक रैली पर मजबूती के साथ रोक लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शोभायात्रा या जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क रहे। किसी भी जगह अथवा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बिगड़ती है तो उसकी सूचना पुलिस हेडक्वार्टर तथा कंट्रोल रूम को शीघ्र दें। पुलिस प्रशासन छोटी-छोटी घटनाओं पर भी पैनी नजर रखें।

पीएम मोदी व श्रीलंका के राष्ट्रपति ने की वार्ता, रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर

NEW DELHI @ PTI :

शनिवार को भारत एवं श्रीलंका ने रक्षा सहयोग संबंधी एक महत्वाकांक्षी समझौते पर हस्ताक्षर किए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहन द्विपक्षीय सहयोग का व्यापक खाका पेश करते हुए इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई तथा एक दूसरे पर निर्भर है। यह रक्षा समझौता उन सात अहम समझौतों में से एक है जिन पर प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच व्यापक वार्ता के बाद हस्ताक्षर किए गए। इस रक्षा समझौते को रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। यह समझौता श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा सेना के हस्तक्षेप के लगभग चार दशक बाद हुआ है। मोदी ने मीडिया में जारी अपने वक्तव्य में कहा, हमारा मानना है कि हमारे सुरक्षा हित समान हैं। दोनों देशों की सुरक्षा एक दूसरे से जुड़ी हुई है और एक दूसरे पर निर्भर है। उन्होंने कहा, मैं भारत के हितों के प्रति राष्ट्रपति दिसानायके की संवेदनशीलता के लिए उनका आभारी हूं। हम रक्षा सहयोग के क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण समझौतों का स्वागत करते हैं। दिसानायके ने अपने वक्तव्य में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को आश्वासन दिया है कि श्रीलंका अपने भूभाग का इस्तेमाल किसी भी तरह से भारत के सुरक्षा हितों के प्रतिकूल कदमों के लिए नहीं होने देगा।

- द्विपक्षीय सहयोग का प्रधानमंत्री ने पेश किया व्यापक खाका, कहा- दोनों देशों की सुरक्षा एक दूसरे पर निर्भर
- दिसानायके बोले- भारतीय हितों के खिलाफ अपनी भूमि का इस्तेमाल नहीं होने देगा श्रीलंका

श्रीलंका के सर्वोच्च सम्मान 'मित्र विभूषण' से सम्मानित

शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी को शनिवार को श्रीलंका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मित्र विभूषण प्रदान किया गया। यह नागरिक सम्मान उन्हें कोलंबो में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने दिया। इस पुरस्कार में दिया गया धर्म चक्र साझा बौद्ध विरासत को दर्शाता है, जिसने दोनों देशों की सांस्कृतिक परंपराओं को आकार दिया है। चावल के ढेरों से सजा कलश समृद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह इस सम्मान को पाकर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ उनका नहीं,

बल्कि 140 करोड़ भारतीयों को सम्मान है। उन्होंने श्रीलंका और भारत के संबंधों के बारे में कहा कि श्रीलंका केवल पड़ोसी देश नहीं, बल्कि भारत का पारंपरिक और भरोसेमंद मित्र भी है। उन्होंने कहा कि भारत हर मुश्किल घड़ी में श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा।

आयुष्मान योजना : फर्जी एमबीए डिग्री के जरिए नियुक्ति का आरोप

आशीष रंजन के ठिकानों से 16.50 लाख कैश जब्त

PHOTON NEWS RANCHI :

एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) टीम ने आयुष्मान भारत योजना के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष रंजन के ठिकानों से 16.50 लाख रुपये सीज किए हैं। वह रांची सदर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना में पदस्थापित है। फिलहाल उसकी शैक्षणिक योग्यता और कोऑर्डिनेटर के पद पर नियुक्ति मामले की विभागीय स्तर पर जांच जारी है। बता दें कि आयुष्मान घोटाला मामले में शुक्रवार की सुबह 21 ठिकानों पर शुरू हुई रेड देर रात में समाप्त हुई। छापेमारी के दौरान मिली नकद राशि की जांच पड़ताल के बाद ईडी ने कुल 18.50 लाख रुपये जब्त किए।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के पीएस ओम प्रकाश के घर से भी बरामद हुए ₹200000

गड़बड़ी से जुड़े दस्तावेज भी जांच एजेंसी ने किए जब्त

छापेमारी में दो लाख रुपये ओम प्रकाश के घर से जब्त किए गए। ओम प्रकाश के घर से फ्लैट और जमीन से संबंधित काफी दस्तावेज भी ईडी ने जब्त किए हैं। फिलहाल इसकी जांच चल रही है। ईडी ने थर्ड पार्टी असेसमेंट में लगी कंपनियों से जुड़े लोगों के ठिकानों में मिले डिजिटल डिवाइस, लैपटॉप सहित गड़बड़ी से जुड़े दस्तावेज भी जब्त कर लिए हैं।

2019 में हुई थी नियुक्ति

आशीष रंजन की नियुक्ति रांची सदर अस्पताल के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. विजय विहारी प्रसाद के कार्यकाल में 2019 में हुई थी। इस पद पर नियुक्ति के लिए आवेदक के पास एमबीए की डिग्री होने की बाध्यता थी। सरकार को मिली शिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि आशीष रंजन की एमबीए की डिग्री फर्जी है। उसने दरभंगा के इंस्टिट्यूट आफ बिजनेस मैनेजमेंट से एमबीए की डिग्री हासिल करने से संबंधित सर्टिफिकेट पेश किया था। आशीष रंजन पर आयुष्मान घोटाले को अंजाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप है।

तेलंगाना में छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने कर दिया सरेंडर

JAGDALPUR : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाके दंतेवाड़ा पहुंचे हुए हैं। वे शनिवार को बस्तर पंडुम महोत्सव 2025 में शामिल हुए। इसी दौरान पड़ोसी राज्य तेलंगाना के कोत्तागुडम में छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। यह जानकारी भद्राद्रि कोठागुडेम जिला मल्टी जोन 1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने दी। भद्राद्रि कोठागुडेम जिला मल्टी जोन 1 के आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने कोठागुडेम के हेमचंद्रपुरम पुलिस मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को बताया कि छत्तीसगढ़ के 86 नक्सलियों ने भद्राद्री कोठागुडेम जिले और मुलुगु जिले की पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इन आत्मसमर्पित नक्सलियों में 66 पुरुष और 20 महिला नक्सली शामिल हैं। आईजी चंद्रशेखर रेड्डी ने बताया कि तेलंगाना सरकार के चलाए जा रहे ऑपरेशन चेयुथा कार्यक्रम के तहत इन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

- आत्मसमर्पित नक्सलियों में 20 महिला नक्सली भी शामिल
- तेलंगाना सरकार के चलाए जा रहे ऑपरेशन चेयुथा कार्यक्रम के तहत किया गया आत्मसमर्पण

कामयाब कदम संस्थान के वैज्ञानिकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी है खास जानकारी

अंतरिक्ष मलबे की वृद्धि को रोक रहा इसरो का पीओईएम-4 मॉडल

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदमों ने पिछले चंद वर्षों में एक से बढ़कर एक उपलब्धि हासिल की है। इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन (इसरो) के वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक की समस्याओं के समाधान में भारत ने ने अहम भूमिका निभाई है। इसरो की उपलब्धियां में पोओईएम-4 मॉड्यूल की एक खास विशेषता है। इसके चौथे संस्करण को विकसित करने का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में बढ़ रहे कचरे को कम करना है। धरती पर हो रही मानव गतिविधियों के कारण अंतरिक्ष भी प्रदूषित हो रहा है, यह अत्यंत चिंताजनक है। इसरो ने यह महत्वपूर्ण जानकारी दी है कि पीएसएलवी ऑर्बिटल प्लेटफॉर्म एक्सपेरीमेंट मॉड्यूल (पीओईएम-4) का चौथा संस्करण पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश कर गया है। पीओईएम-4 अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग मिशन के लिए उपयोग किए जाने वाले ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान का पुनरुद्देशित प्रयुक्त ऊपरी चरण है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, अंततः पीओईएम-4 मॉड्यूल ने वायुमंडल में पुनः प्रवेश किया।

संभावित खतरे को कम करने के लिए निष्क्रिय कर बाहर निकाला गया ईंधन

पृथ्वी के वायुमंडल में उपग्रह का फिर से दाखिल होना वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि

- स्पेस साइंस के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने स्थापित किए नए कीर्तिमान
- धरती पर मानवीय गतिविधियों के कारण स्पेस में भी बढ़ता जा रहा प्रदूषण
- अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग मिशन के लिए उपयोग किया जाने वाला ध्रुवीय उपग्रह है पीओईएम-4

30 दिसंबर 2024 को पीएसएलवी-सी60 ने जुड़वां स्पेडेक उपग्रहों को किया था प्रक्षेपित

मिलीं कई महत्वपूर्ण जानकारियां

इसरो की ओर से यह जानकारी दी गई है कि अपने मिशन जीवनकाल के दौरान पीओईएम-4 ने कुल 24 पेलोड्स (14 इसरो के और 10 विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के) को स्थान दिया था। सभी पेलोड्स ने अपेक्षित रूप से कार्य किया। इससे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक डाटा प्राप्त हुआ है।

सैटेलाइट के इंजन को फिर से किया एक्टिव

चार अप्रैल 2025 को भारतीय समयानुसार, पूर्वाह्न आठ बजकर तीन मिनट पर हिंद महासागर में टकराया। पीओईएम-4 को पृथ्वी के वायुमंडल में लाने की मुख्य वजह अंतरिक्ष मलबे की वृद्धि को रोकना है। इसरो के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। 30 दिसंबर 2024 को इसरो के पीएसएलवी- सी60 ने जुड़वां स्पेडेक उपग्रहों को प्रक्षेपित किया था। 475 किमी की ऊंचाई पर उपग्रहों को स्थापित करने के बाद पीएसएलवी सी 60 के विशेष रूप से तैयार किए गए ऊपरी चरण पीओईएम-4 को भी लगभग उसी कक्षा में रखा गया। अंतरिक्ष में बढ़ रहे मलबे को कम करने के उद्देश्य से इसे वापस पृथ्वी पर लाया गया। इसके बाद इसरो ने बताया कि पीओईएम-4 के इंजन को सक्रिय करके 55.2° झुकाव वाली लगभग 350 किमी की गोलाकार कक्षा में ले जाया गया। फिर आकस्मिक टूट-फूट की संभावित खतरे को कम करने के लिए पीएस-4 को निष्क्रिय कर उसमें से ईंधन बाहर निकाला गया।

9 अप्रैल तक तेज हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना

फिर बदलेगा मौसम, बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट

PHOTON NEWS RANCHI :

अप्रैल के प्रथम सप्ताह में झारखंड में लोग चिलचिलाती धूप का सामना कर रहे हैं। हर दिन उच्चतम तापमान में इजाफा हो रहा है। इस बीच फिर मौसम के मिजाज में परिवर्तन की जानकारी मिल रही है। रामनवमी के बाद मौसम में परिवर्तन से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। रामनवमी पर मौसम साफ रहेगा। इसके बाद तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार हैं। गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका मौसम विभाग ने जाहिर की है। इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी कर लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की बढ़ोत्तरी हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें दो से तीन डिग्री की गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग ने अपने पूवानुर्मान में बताया है कि रविवार को आसमान साफ रहेगा।

- अगले तीन दिनों में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है अधिकतम तापमान

मन मोह लेगी धनौल्टी की अद्भुत छटा

घुमक्कड़ की पाती

पहाड़ी रास्तों पर चढ़ते ही हवा ठंडी और ताजी हो गई। सड़कें घुमावदार थीं और हर मोड़ पर पहाड़ों का नजारा बदलता था। करीब 7 घंटे की ड्राइव के बाद शाम तक मैं धनौल्टी पहुंचा। धनौल्टी में ठहराव मैंने एप्पल ऑर्चर्ड रिसॉर्ट में ठहरने का फैसला किया, जो धनौल्टी के मुख्य बाजार से करीब 1 किलोमीटर दूर है। यह रिसॉर्ट एक सेब के बगीचे के बीच में है और कमरों से हिमालय की चोटियों का सुंदर नजारा दिखाई देता है।

दिल्ली से धनौल्टी की यात्रा यात्रा की स्मृतियां आज भी मेरे जेहन में है। मैंने अपनी इस यात्रा की योजना कुछ हफ्ते पहले बनाई थी क्योंकि धनौल्टी एक शांत पहाड़ी स्टेशन है जो दिल्ली से करीब 288 किलोमीटर दूर है। इस जगह पर मैंने कार से जाने का फैसला किया क्योंकि यह तरीका अधिक लचीला और सुविधाजनक था। मेरी यात्रा के मार्ग में मेरठ, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे शहर आए जो यात्रा को और भी रोचक बना रहे थे। इस यात्रा के लिए सुबह 6 बजे मैंने दिल्ली से प्रस्थान किया। शुरूआत में सड़कें व्यस्त थीं, लेकिन जैसे-जैसे मैंने शहर छोड़ा दृश्य बदलने लगे। खेतों और छोटे गांवों से गुजरते हुए मैंने हरिद्वार में गंगा नदी को पार किया। वहां का दृश्य बहुत आध्यात्मिक था, मैंने कुछ तस्वीरें लीं। ऋषिकेश में मैंने दोपहर का भोजन लिया। स्थानीय थाली में आलू की सब्जी और पराठा शामिल था।

पहाड़ी रास्तों पर चढ़ते ही हवा ठंडी और ताजी हो गई। सड़कें घुमावदार थीं और हर मोड़ पर पहाड़ों का नजारा बदलता था। करीब 7 घंटे की ड्राइव के बाद शाम तक मैं धनौल्टी पहुंचा। धनौल्टी में ठहराव मैंने एप्पल ऑर्चर्ड रिसॉर्ट में ठहरने का फैसला किया, जो धनौल्टी के मुख्य बाजार से करीब 1 किलोमीटर दूर है। यह रिसॉर्ट एक सेब के बगीचे के बीच में है और कमरों से हिमालय की चोटियों का सुंदर नजारा दिखाई देता है।

रिसॉर्ट के स्टाफ ने बहुत अच्छा स्वागत किया और कमरे आरामदायक थे। पहली रात मैंने रिसॉर्ट के रेस्तरां में खाना खाया जहां मैंने स्थानीय गढ़वाली व्यंजन काफूली ट्राई किया। काफूली पालक और मेथी की पत्तियों से बना एक गाढ़ा करी है जो चावल या रोटी के साथ परोसा जाता है। इसका स्वाद बहुत ताजा और पौष्टिक था और मैंने इसे बहुत पसंद किया।

दूसरे दिन हम इको पार्क और सुरकंडा देवी मंदिर गए। इस जगह पर दुनिया भर से लोग अपनी धार्मिक आस्था के लिए आते हैं। यह धनौल्टी के मुख्य आकर्षणों में से एक है। यह पार्क 13 हेक्टेयर में फैला हुआ है और देवदार, ओक और रोडोडेंड्रोन के पेड़ों से घिरा है। पार्क को उत्तराखंड के वन विभाग और स्थानीय लोगों ने मिलकर विकसित किया है, ताकि गरीब लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हों।

मैंने वहां की ट्रेल्स पर टहलते हुए प्रकृति का आनंद लिया। पार्क में ट्रेकिंग, बर्डवॉचिंग और साहसिक गतिविधियां जैसे ज़िपलाइनिंग और रॉक क्लाइंबिंग की सुविधा है। मैंने एक गाइड के साथ ट्रेक किया, जिसने मुझे स्थानीय वनस्पति और जीव-जंतुओं के बारे में बताया। सूर्योदय और सूर्यास्त के समय पार्क का नजारा बहुत सुंदर था और मैंने कई तस्वीरें लीं। दोपहर के भोजन के लिए मैंने एक स्थानीय ढाबे में फानू ट्राई किया, जो दाल से बना एक करी है। यह बहुत स्वादिष्ट था और मैंने इसे चावल के साथ खाया। फिर मैं सुरकंडा देवी मंदिर गया जो धनौल्टी से करीब 9 किलोमीटर दूर है। मंदिर तक पहुंचने के लिए कद्दूखाल गांव से 2 किलोमीटर की ट्रेक करनी पड़ी। ट्रेक थोड़ा चुनौतीपूर्ण था लेकिन रास्ते में पहाड़ों और घने जंगलों का नजारा बहुत सुंदर था। मंदिर हिंदू देवी सती को समर्पित है और 51 शक्ति पीठों में से एक है। मंदिर से हिमालय की चोटियों का 360 डिग्री का नजारा दिखाई देता है, जो बहुत शांतिप्रद था। शाम को मैं रिसॉर्ट लौट आया और वहां बोनफायर का आनंद लिया। रात में तारे बहुत चमकीले थे और मैंने कुछ समय आसमान को निहारते हुए बिताया।

तीसरे दिन मैंने एप्पल ऑर्चर्ड रिसॉर्ट और टिहरी बांध का दौरा किया। वहां मैंने सेब की खेती के बारे में जाना और सीजन के दौरान ताजे सेब तोड़े। रिसॉर्ट का माहौल बहुत शांत था। मैंने वहां कुछ समय बिताकर प्रकृति का आनंद लिया। फिर मैं टिहरी बांध गया जो धनौल्टी से करीब 35 किलोमीटर दूर है। यह भारत का एक बड़ा बांध है और वहां की झील का नजारा बहुत सुंदर था। मैंने झील पर नाव की सवारी की, जो बहुत शांतिप्रद अनुभव था। बांध के आसपास के पहाड़ों का दृश्य भी मनमोहक था।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

SCAN ME

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

स्वाद व सेहत से भरपूर गढ़वाली व्यंजन

रात के खाने में मैंने चैनसू ट्राई किया, जो भुनी और पीसी हुई काली दाल से बना एक प्रोटीन से भरपूर व्यंजन है। इसका स्वाद बहुत गहरा और स्वादिष्ट था और मैंने इसे रोटी के साथ खाया। स्थानीय खानपान और अनुभव की बात की जाए तो धनौल्टी में खाने के विकल्प सीमित हैं, लेकिन जो उपलब्ध है वह बहुत ताजा और स्वादिष्ट है। गढ़वाली व्यंजन मुख्य रूप से स्थानीय सामग्री से बने हैं, जैसे पालक, मेथी, दाल और अनाज। मैंने काफूली, फानू और चैनसू के अलावा आलू के गटके भी ट्राई किए जो छोटे आलुओं से बनी एक स्वादिष्ट सब्जी है। स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए मैंने जाना कि इन व्यंजनों को धीमी आंच पर पकाया जाता है, ताकि स्वाद और पौष्टिकता बनी रहे। खाना खाते समय मैंने महसूस किया कि यह खाना न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है।

मसूरी व टिहरी भी जाएं

मेरी धनौल्टी यात्रा बहुत यादगार रही। इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और स्थानीय खाने ने इसे एकदम सही गेटअवे बनाया। मैं इसे उन लोगों को सुझाऊंगा जो प्रकृति और शांति की तलाश में हैं। अगर आप जा रहे हैं तो स्थानीय खाने को जरूर ट्राई करें और इको पार्क में सूर्योदय देखना न भूलें। साथ ही धनौल्टी के आसपास की जगहों को भी घूमें। समय होता तो मैं देवगढ़ फोर्ट और कनाताल एडवेंचर कैंप भी जाता। देवगढ़ फोर्ट 16वीं सदी का है और वहां कई सुंदर महल और जैन मंदिर हैं। कनाताल में ट्रेकिंग और कैंपिंग का आनंद लिया जा सकता है, जो साहसिक प्रेमियों के लिए आदर्श है। अपनी धनौल्टी यात्रा के दौरान आप कानाताल, मसूरी और टिहरी भी जा सकते हैं। यह जगहें बहुत ही खूबसूरत हैं। इन जगहों पर वह सब कुछ है जो एक सैलानी को चाहिए। देश के प्रमुख पर्यटन स्थल होने के साथ साथ आसपास ही स्थित हैं। इन जगहों की यात्रा आपके यात्रा अनुभवों को और भी ज्यादा बढ़ा देगी और आपकी यात्रा यादगार बन जाएगी।

कविता

संतोष चौबे
जमशेदपुर

इससे बेहतर नहीं

या तो फिर सुबह नहीं शाम नहीं दुनिया में।

है कोई ऐसा जो बदनाम नहीं दुनिया में
हो बुलंदी पे और कोहराम नहीं दुनिया में।।

फिर तो ये सुबह नहीं शाम नहीं दुनिया में
गर किसी शख़्स पे इलजाम नहीं दुनिया में।।

दर्द का हद से गुजरना है दवा हो जाना
दर्द से अच्छा कोई बाम नहीं दुनिया में।।

आ कि आवाम को ख़्वाबों का महल दिखलाएं
इससे आसान कोई काम नहीं दुनिया में।।

हमको लंगड़ा ही समझते हो तो समझो लेकिन
हमसे बेहतर भी कोई आम नहीं दुनिया में।।

जो ना देता हो मोहब्बत की सदायें सबको
ऐसा मजहब कोई पैगाम नहीं दुनिया में।।

कुछ भी अच्छा है कहीं तो है बुरे के कारण
अब जो रावण नहीं तो राम नहीं दुनिया में।।

सुबह से शाम लगा दौड़ मुकद्दर के लिए
वो सुकून चैन वो आराम नहीं दुनिया में।।

हो गया खुद की तरक्की पे अगर जो संतोष
इससे बेहतर कोई ईनाम नहीं दुनिया में।।

व्यंग्य ■ बर्बरीक

क्या आप... हैं

दिलीप कुमार

जुनुबी एशिया के खित्ते में आजकल गधे की बहुत चर्चा है। हमारे देश में गधों पर बाकमाल चचाएँ हो रही हैं। तमाम सियासतदानों में होड़ मची है। इस चर्चा को मुकम्मल मुकाम तक ले जाने को। कहते हैं कि अदब में आप जिंदगी पर घिसते रहें तो भी अदीब माने जाएंगे कि नहीं, ये सन्देह की बात है, लेकिन सियासत में कब कौन सा गधा, घोड़ा बन जाए, ये कोई नहीं जानता। सियासत तब अस्तबल बन जाती है, जब मुमालिक की जिंदगी चलाने वालों के घर गधे पैदा हो जाते हैं। मगर उनको प्रोजेक्ट घोड़े की तरह किया जाता है, ये घोड़े, खटती हुई जनता के खून-पसीने की कमाई पर जुगाली करते रहते हैं, इनका जन्म ही इसीलिए हुआ है 'मर मर मेहनत करे बैलवा, दाना खाये तुरंग'। उधर पाकिस्तान में आजकल गधा ही नेशनल डिबेट का मुद्दा बन गया है। क्योंकि, चीन ने उनकी सी-पैक्ट में आगे निवेश करने से मना कर दिया है। क्योंकि, चीनियों का मानना है कि पाकिस्तान में गधों के फलने-फूलने के लिए बहुत मुफीद माहौल है। चीनी लोग गधों को पालने के लिए पाकिस्तान में प्रोत्साहन योजनाएं चला रहे हैं। पाकिस्तान में दुनिया के गधों की तीसरी बड़ी आबादी है। 'चीन और पाकिस्तान में एक करार हुआ है कि पाकिस्तान, चीन को 'सभी मौसम' में गधों का निर्यात करेगा'। पाकिस्तान में इंसानी गधे सिर्फ बम फोड़ने के लिए इस्तेमाल होते थे महज चन्द हजार रुपयों के लिए। लेकिन, अब असली गधे कम से कम बीस हजार पाकिस्तानी रुपये में आते हैं। पाकिस्तान के असली गधे की कीमत में दो इंसानी गधे मिल जाते हैं, बम फोड़ने के लिए। इंसानी गधों को जिलेटिन देकर भेजना होता था ब्लास्ट करने के लिए, लेकिन वास्तविक गधे की खाल में जिलेटिन होता है, जिससे चीन में दवाइयां बनती हैं। या इलाही चाइना का माल खाकर इंसान पनप जाए तो फिर खुदा का खैर, वरना फिर अल्ला-अल्लाः खैरसल्ला। आतंकवाद के बाद पाकिस्तान अब गधे के एक्सपोर्टर के तौर पर दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहा है। आतंकवादी निर्यात करने में पाकिस्तान अभी सिरमौर है, गधे के मामले में तीसरी पोजीशन है...। हाफिज सईद ने मुरीदके से एक स्टेटमेंट जारी किया है कि दूसरे देशों में जाकर बम फोड़ने वालों को अगर गधा मान लिया जाए तो पाकिस्तान को गदहों के एक्सपोर्टर का सिरमौर का खिताब मिल जाएगा। इस आंकड़े पर आईएमएफ पाकिस्तान को कुछ कर्जा और दे दे गधे की गारंटी पर। पाकिस्तान, चीन को तिरपन लाख के गधे बेचने की फिराक में है, गधों के अलावा चीनी वहाँ के देसी कुतों को मार-मार कर खा रहे हैं। इस्लामाबाद की रिहायशी कालोनियों में चीनियों का ये खान-पान वहां के बाशिंदों की जिंदगी हराम किए है। युवान की खुशबू भी इस बदबू को दूर नहीं कर पा रही है।वैसे उस्ताद इब्ने इंशा साहब ये बात पहले फरमा गए थे कि 'चीनियों के बाप और पाकिस्तानियों की बात का कभी भी भरोसा नहीं करना चाहिए'। अब देखिए ना, गधों से भरा-पूरा न्यू पाकिस्तान बनाने की कवायद जोर-शोर से चल रही है। हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया में इस बात का खासा जश्न मनाया गया कि मौजूदा सरकार ने अपने कार्यकाल में सौ बिलियन डॉलर का कर्ज हासिल करने का रिकॉर्ड कायम किया है। हालत ये है कि उनको कर्जा चुकाने के लिए भी कर्जा लेना पड़ रहा है। उस्ताद शायर पॉपुलर मेरठी फरमाते हैं कि ये तो वही मिसाल है कि - 'मैं अपने चश्मे को चश्मा लगाकर ढूंढता हूं'। मिसाल है कि रफी साहब पचास बरस पहले जब गा रहे थे कि - 'दे दे तेरे शहर में इंटरनेशनल भिखारी आए हैं'। तब पाकिस्तान के सदर गा रहे थे कि - 'घास की रोटियां खा लेंगे मगर एटम बम जरूर बनाएंगे'।

गधों की बात चली तो मुझे भी अक्सर मेरे वालिद साहब बचपन से कहा करते थे कि तू तो गधा है। उन्होंने मुझे इतनी बार गधा कहा कि मुझे इस बात का शुबहा होने लगा कि मैं इंसान हूं या गधा। अक्सर मैं अपने मोहल्ले के कल्लू धोबी के गधे के पास जाता और अकेले में उसको निहारता कि ये मेरे जैसा है या मैं इसके जैसा हूं। ज्यों-ज्यों मेरी उम्र बढ़ती गयी त्यों-त्यों ये तस्दीक हर तरफ से होती गयी कि मैं गधा हूं। मुझे इस बात की तसल्ली रहती थी कि मेरे वालिद ही मुझे गधा कहते हैं, वालिदा नहीं कहतीं कि मैं गधा हूं। इस बात से मैं काफी हलकान रहा करता था। फिर एक दिन मेरे एक सीनियर ने समझाया कि गधा होना शर्म की बात नहीं है, लिटरेचर में फख्र की बात हो सकती है।उन्होंने मुझे अजीम राइटर कृष्ण चंदर की किताब दी। उसे पढ़कर मेरा गधापन और पैना हो गया। जब भी कोई मुझे कहता कि तुम गधे हो तब मैं उससे मुस्करा कर कहने लगा- 'शर्मो हया कहाँ तक, है मीर कोई दम के अब तो मिला करो तुम, टुक बेहिजाब होकर'

हो सकता है मेरी माँ भी मुझे गधा समझती रही हों, मगर उन्होंने मुझे कभी गधा कहा नहीं। माँ का दिल जो ठहरा, हमारे देश में कोई माँ अपने बेटे को गधा नहीं कहती, भले ही वो ऑफिसियल और लिस्टेड गधा हो। वैसे ही मेरी मां अक्सर मुझे वैशाखनंदन कहकर बुलाती थीं। मुझे इस बात की बड़ी तसल्ली थी कि मेरा जन्म वैशाख माह में हुआ था और मैं उनका लाडला था, इसलिए वो मुझे वैशाखनंदन बुलाती रहती थीं। इस बात का पता मुझे तब चला जब जब मेरी समझदार पत्नी ने मेरी माँ से कहा 'आपका बेटा गधा है, आपने मुझे किसके पल्ले बांध दिया'? तब दूसरी समझदार महिला मेरी माँ ने मेरी पत्नी से कहा

'मैंने तो तुम्हे वैशाखनंदन दिया था, अब तुमने उसे गधा बना दिया तो मैं क्या करूँ'। पत्नी ने बहुत समझदारी दिखाई, मेरी माँ की विरासत को बखूबी सम्भाला। वल्लाह वो दिन है और आज का दिन है, उसने मुझे कभी गधा नहीं कहा और हमेशा यही कहती है 'यू आर एन एस्स'। मैंने इस बात पर एतराज किया तो वो हमेशा कहती है कि मैं तुमको गधा थोड़ी ना कह रही हूँ। जब तुमने इतने साल अपनी माँ के वैसाखनंदन कहने पर एतराज नहीं किया तो मेरे एस्स कहने पर क्यों नाराज होते हो। आम आदमी माँ और बीवी के ताने सुनकर ऐसा हो जाता है, जैसे पश्चिम बंगाल में सीबीआई। मैं जब कॉलेज गया तो गधों की तरह पढ़ता रहता साल भर और नोट्स बनाता रहता है और लोग कुंजियों के दम पर टॉप कर जाते। दफ्तर में भी सब मेरे गधे जैसे काम करने की मिसाल देते हैं पर तुलना बैल से कर देते हैं।प्रेम के इस खुशनुमा हफ्ते में जब मुझे इस बात का यकीन हो गया कि जब मेरे आसपास के लोग ये मान ही बैठे हैं कि मैं गधा हूँ तो घोड़ियों के बारे में क्या सोचना। किसी गधी को प्रपोज कर देता हूँ। काफी तजबीज के बाद जब मैंने एक गधी को प्रपोज किया तो वो झल्ला उठी 'हे यू देसी डंकी हाऊ डेअर यू, यू सड़कछाप हिंडी का लेखक, मेरे को प्रपोज करता है'।

मैंने अचरज से कहा 'क्यों आप भी तो गधी ही हैं, आपके इल्म की कूवत गधियो जैसी है, गधी को गधा प्रपोज नहीं करेगा तो और कौन करेगा'।

'कूल डूड, नॉट ए इंडिजीनस डफर डंकी लाइक यू'।

ये कहते हुए उसने मेरे गुलाब के फूल को अपनी हाई हील की सैंडिल से मसल दिया और मेरी सब्जी के झोले में रखा गोभी का फूल मेरे सिर पर दे मारा। इस गोभी प्रहार से मेरा चेहरा पिघली हुई चॉकलेट की तरह हो गया और मेरी आँख खुल गयी। सामने मेरा बेटा खड़ा था उसने मुझे दूध की बाल्टी देते हुए कहा 'पापा, मैं खेल रहा था तो मम्मी ने मुझे बुलाया और कहा ऐ गधे के पूत जाकर अपने पापा को जगाकर ये दूध की बाल्टी दे दो और कह दो कि जल्दी जाएं वरना दूध वाला पानी मिला देगा। ये लो बाल्टी पापा'।

मैं स्वप्नसुंदरी गधी के गोभी प्रहारों से अभी उबरा भी नहीं था कि बेटे ने बड़ी मासूमियत से पूछा 'पापा, मम्मी ने मुझे गधे का पूत क्यों कहा? मैं आपका पूत हूँ तो क्या आप गधे हैं'।

अबोध बच्चे के मासूम सवालों का मेरे पास कोई उत्तर नहीं है अगर आपके पास इस बात का जवाब हो तो बताइए।

भाजपा एक साथ मनाएगी रामनवमी व स्थापना दिवस

PHOTON NEWS RANCHI : 6 अप्रैल को भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस और रामनवमी का उत्सव एक साथ धूमधाम से मनाएंगे। यह जानकारी भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ,. रविंद्र कुमार राय ने गिरिडीह जिले के सरिया में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का संयोग विशेष है। भाजपा का स्थापना दिवस और रामनवमी दोनों एक ही दिन पड़ रहे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता इस अवसर पर अपने-अपने घरों और पार्टी कार्यालयों पर पार्टी ध्वज लगाकर आयोजन की शुरूआत करेंगे।

स्कूल और अस्पतालों का करेंगे दौरा : उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान कार्यकर्ता स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अस्पतालों का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लेंगे। खासतौर पर आपातकाल, मिसा बंदी और कारसेवकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

रविंद्र राय ने कहा कि भाजपा ने देश को नई दिशा दी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, जो आजाद भारत में पहले कभी नहीं हुए थे। इनमें अयोध्या में राम जन्मभूमि का मुक्तिकरण, तीन तलाक से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति, धारा 370 का समापन और 33% महिला आरक्षण कानून जैसे महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे भाजपा के मूल विचार 'अंत्योदय' को जन-जन तक पहुंचाएं और जो लोग अभी तक पार्टी से नहीं जुड़े हैं, उन्हें जोड़ने का प्रयास करें।

चलेगा गांव चलो अभियान

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक पार्टी कार्यकर्ता गांव/बस्ती चलो अभियान चलाएंगे। इस दौरान स्वच्छता अभियान के साथ-साथ भाजपा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। कार्यकर्ता गांवों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल भी लगाएंगे और मोदी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों पर चर्चा करेंगे।

निगरानी के लिए बनी समिति

प्रदेश स्तर पर इस अभियान की निगरानी के लिए एक समिति बनाई गई है, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भगत, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह और कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार शामिल हैं।

पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क

रामनवमी को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, अतिरिक्त बलों की तैनाती

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में रामनवमी के अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य सरकार ने इस पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त सुरक्षा की योजना बनाई है। राज्य के 24 जिलों में 12,767 से अधिक अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है, जिसमें डीएसपी, इंस्पेक्टर, दारोगा, रैपिड एक्शन पुलिस, लाठी बल, सशस्त्र बल, सीएपीएफ, होमगार्ड, अश्रु गैस दस्ता, अग्निशमन दस्ता और बम निरोधक दस्ता शामिल हैं।

रामनवमी के मौके पर तैनात किए गए अतिरिक्त बलों में 25 डीएसपी, 20 इंस्पेक्टर, 1130 एसआई-एएसआई, छह रैपिड एक्शन फोर्स, 5577 लाठी बल शामिल है। इसके अलावा 315 सशस्त्र बल, आठ सीएपीएफ कंपनियां, 5400 होमगार्ड, दो अश्रु गैस दस्ते, छह अग्निशमन सेवा, दो बम निरोधक दस्ते और जोनल आइजी के अलावा रेंज डीआइजी के साथ 300 अन्य बल शामिल हैं।

विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश

सुरक्षा बलों की तैनाती के अलावा, जोनल आईजी और रेंज आईजी को भी अतिरिक्त फोर्स दिया गया है ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। पर्व के मद्देनजर हजारीबाग, गिरिडीह, लोहरदगा, बोकारो, जमशेदपुर जैसे प्रमुख जिलों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है।

सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था

राज्य में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस महकमे के आला अधिकारी विशेष रूप से सजग हैं। इस संबंध में आइजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने शनिवार को बताया कि रामनवमी के दौरान सभी जिलों में सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती की गई है और पर्व के दौरान किसी भी असामाजिक तत्व को नकारात्मक गतिविधियों को अंजाम देने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे भ्रामक और आपत्तिजनक संदेशों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

» रांची पुलिस ने शहर के लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील

» सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए बनाई गई है स्पेशल टीम

नगर निगम की फ्री बस सर्विस

रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रांची नगर निगम ने नि:शुल्क नगर बसों का परिचालन करने का निर्णय लिया है। ये बसें 6 अप्रैल को रांची जिले में शोभायात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं की वापसी सुनिश्चित करेंगी। रांची से निकलने वाले शोभायात्रा का समापन तपोवन मंदिर निवारणपुर में होगा और वहां से लौटते श्रद्धालुओं के लिए 10 प्रमुख मार्गों से नि:शुल्क नगर बसों का संचालन किया जाएगा। ये बसें बड़गाई-बरियातु रोड होते हुए सरकारी बस स्टैंड तक जाएगी। इसके अलावा बूटी मोड़-कोकर चौक होते हुए सरकारी बस स्टैंड पहुंचेगी। वहीं बोड़ेया चौक-टैगोर हिल होते हुए सरकारी बस स्टैंड पहुंचेगी। चांदनी चौक-कांके रोड होते हुए भी एक बस सरकारी बस स्टैंड तक जाएगी। पंडरा-रातू रोड होते हुए बस से लोग सरकारी बस स्टैंड पहुंच सकते है। इसके अलावा कटहल मोड़ से रातू रोड होते हुए बस सरकारी स्टैंड जाएगी। कटहल मोड,-रातू रोड-ईटकी रोड होते हुए बस राजेन्द्र चौक को जाएगी।

आपसी भाईचारे के साथ मनाएं रामनवमी

रांची पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे शांति और आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी मनाएं। किसी भी प्रकार की उत्तेजक, भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री को सोशल मीडिया पर साझा न करें। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कोई भी विवादित मैसेज या वीडियो प्राप्त होता है तो वे उसे फॉरवर्ड करने के बजाय पुलिस को सूचना दें।

निर्धारित मार्ग से ही निकालें जुलूस

इसके अलावा रांची पुलिस ने यह भी कहा है कि सभी जुलूस को निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए और किसी भी परिस्थिति में रूट में बदलाव न किया जाए। झारखंड पुलिस ने रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया की निगरानी के लिए एक हाईटेक मॉनिटरिंग सेल स्थापित किया है, जो फेसबुक, व्हाट्सएप और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखेगा।

ईद, सरहुल और रामनवमी मिलन समारोह का हुआ आयोजन

PHOTON NEWS RANCHI : ईद के अवसर पर सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को वाईएमसीए कांटाटोली में सद्भावना समिति रांची की ओर से ईद,सरहुल और रामनवमी मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के कई प्रमुख नेता, शहर के धार्मिक एवं समाजसेवी संगठनों के लोग और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया और एक-दूसरे को ईद की हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने कहा कि ईद,सरहुल और रामनवमी का पर्व प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि त्योहार हमें एकजुटता का पाठ पढ़ाते हैं और समाज में शांति और सद्भाव बनाये रखने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद,सरहुल और रामनवमी की बधाई दी और इस शुभ अवसर पर समाज में शांति, प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों के बीच मिठाइयां बांटी गईं। पारंपरिक सेवइयों का आनंद लिया गया और आपसी मेल-मिलाप का खुशनुमा माहौल देखने को मिला।

उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकजुटता और परस्पर प्रेम को बढ़ावा देने में सहायक होते हैं। ईद मिलन समारोह में उपस्थित सभी संगठनों के लोगों ने इस प्रकार के आयोजनों को आगे भी जारी रखने पर बल दिया। मौके पर सुबोध कांत सहाय, यशस्विनी सहाय, विधायक राजेश कच्छप, महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, विनय सिन्हा दीपू, राजेश गुप्ता छोटू, अजय तिर्की, हुसैन खान, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अकीलुल रहमान, मौलेश सिंह, एहतेशाम मंजर, मुकेश नायक, संदीप टाईगर, राहूल उंराव, राजेश सिन्हा, राज उंराव,गौतम सिंह, वेदांत कौस्तव, कृष्णा सिंह, नीतिश सिंह, मो. रमजान, रुपचंद तिर्की आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में नौशाद खान, मुजीब कुरैशी, सैयद रमीज जावेद, अमीरूल होदा, पप्पू कुरैशी, विमल नाग, ओम सिंह, आशीष टोपनो, चोनस कुजूर, सादिक साबरी, सरफराज अंसारी, घनश्याम दास, त्रिलोचन सिंह, इबरार खान की अहम भूमिका रही।

BRIEF NEWS

स्वास्थ्य बीमा योजना पर प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

RANCHI : रांची समाहरणालय सभागार में शनिवार को राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों के सहायक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला नोडल पदाधिकारी (स्वास्थ्य बीमा योजना) मोनी कुमारी ने की। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को योजना के महत्व और इसके सुचारू क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में राज्य स्तर से पहुंची तकनीकी टीम ने पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया, दस्तावेज अपलोडिंग, तथा व्ययन पदाधिकारी द्वारा सत्यापन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, योजना से जुड़ी तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान भी साझा किए गए।

आदिवासी समुदाय के लोगों ने की केंद्रीय सरना स्थल पर शुद्धिकरण पूजा

PHOTON NEWS RANCHI : प्रकृति पर्व सरहुल शोभायात्रा पर केंद्रीय सरना स्थल में काला पट्टा दिखाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश ने आदिवासी समाज को झकझोर कर रख दिया है। शनिवार को इस घटना के विरोध में सरना धर्मावलंबियों ने सिरमटोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल पर शुद्धिकरण पूजा का आयोजन किया। मुख्य पाहन रोहित हंस की अगुवाई में सरना धर्मावलंबी शुद्धीकरण पूजा में शामिल हुए।

इस दौरान लोगों ने एकजुट होकर समाज को बांटने की साजिशों का विरोध किया और एक स्वर में कहा गया कि सरना आस्था के केंद्र में इस तरह की नकारात्मक राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर परकेंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि रैंप से जुड़ी समस्याओं का समाधान संवाद और सही योजना से ही संभव है। उन्होंने चेताया कि इस मुद्दे पर अवसरवादी राजनीति से बचना चाहिए। सरना समाज से प्रकाश हंस ने कहा कि समाज को कलंकित करने का काम किया गया। सरहुल की शोभा यात्रा की पवित्रता पर आंच आई है।

स्थानीय लोगों पर कार्रवाई निंदनीय : कमलेश

PHOTON NEWS RANCHI : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बोकारो में हुई घटना की निंदा करते हुए अपने हक और अधिकार की मांग कर रहे स्थानीय निवासियों पर की गई कार्रवाई निंदनीय और अमानवीय है। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्रबंधन के समक्ष विस्थापित निवासी अपनी मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं, लेकिन केंद्र सरकार के मंत्री उनकी मांगों को नजरअंदाज कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के लोग संघर्ष करके परिणाम को अपने पक्ष में करते हैं। इसलिए केंद्र किसी मुगालते में ना रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी विस्थापित आंदोलनकारियों के साथ है। उनकी तमाम जायज मांगों को केंद्र सरकार को मानना होगा, मांगों की पूर्ति और आंदोलनकारियों की संतुष्टि तक संघर्ष में कांग्रेस साथ निभाएगी।

रोजगार के अवसर किए जा रहे बंद

कमलेश ने कहा कि भाजपा की गिद्धदृष्टि झारखंड के सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) पर है। केंद्र सरकार धीरे-धीरे देश के सार्वजनिक उपक्रमों को अपने मित्रों की कंपनियों को सौंप रही है। इस क्रम में एक योजना के तहत झारखंड के उपक्रमों में औद्योगिक को अव्यवस्था उत्पन्न कर उसे बंदी की कगार पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। नियमित रोजगार के अवसर बंद किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील का प्रबंधन केंद्र सरकार के हाथों में है। सुरक्षा व्यवस्था गृह मंत्रालय के अधीन सीआईएसएफ के हाथों में है। सीआईएसएफ की लाठीचार्ज की घटना के विरोध में केंद्र सरकार में सहयोगी दल आजसू बोकारो बंद में अपनी भूमिका निभा रहा है। इससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार अपने सहयोगियों के बीच अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है और नहीं तो मोदी सरकार की ओर से जानबूझकर बोकारो के लोगों की आंखों में धूल झोंकने का प्रयास किया जा रहा है।

शव लेने के लिए एक मां को जमीन बेचने की नौबत हेमंत सरकार के मुंह पर तमाचा : बाबूलाल

RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक असहाय मां को अपने बेटे का शव अस्पताल से लेने के लिए अपनी जमीन बेचनी पड़ी, यह घटना हेमंत सरकार के मुंह पर तमाचा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि सड़क हादसे में घायल बेटे का इलाज कराने के लिए मां ने हर संभव कोशिश की। अस्पताल ने 40 हजार रुपये का बिल थमा दिया और जब पैसे नहीं दिए गए, तो शव सौंपने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मजबूरी में उस मां ने अपनी वो जमीन बेच दी, जो शायद उसकी ज़िंदगी की आखिरी पूंजी थी। उन्होंने कहा कि काले धन के लालच ने हेमंत सरकार को संवेदनहीन बना दिया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार में नाम मात्र की भी शर्म बची हो तो अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई करें।

महावीर मंडल के नेतृत्व में निकलेगी मुख्य शोभायात्रा

PHOTON NEWS RANCHI : महावीर चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट कार्यालय में केंद्रीय समिति श्री महावीर मंडल, रांची ने शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया गया कि केंद्रीय समिति के नेतृत्व में राजधानी रांची में रामनवमी पर मुख्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने बताया कि मुख्य शोभायात्रा दोपहर दो बजे बजरा से निकलकर पिस्का मोड़ होते हुए महावीर चौक पहुंचेगी। शोभायात्रा के संचालन के लिए रांची में 20 टोलियों का क्षेत्र अनुसार गठन किया गया है। इसमें लगभग 1500 राम भक्तों को जोड़ा गया है। शोभायात्रा में 20 लाख से भी अधिक राम भक्त बजरंगबली के झंडे के संग, गाजे-बाजे और पारंपरिक हथियारों के साथ शामिल होंगे।

इन मार्गो से गुजरेगी शोभायात्रा

शोभायात्रा बड़गाई, मेडिकल चौक, एदलहातु, करमटोली, जेल चौक, कचहरी चौक होते हुए शहीद चौक पहुंचेगी। वहीं गाड़ीहोटवार, कोकर, लालपुर, थड़पकना की ओर से आने वाली शोभायात्रा अल्बर्ट एक्का चौक में मिलेगी। लोवाड़ीह, कांटाटोली, पत्थलकुदवा, पुरुलिया रोड से सर्जना चौक पर शोभायात्रा का मिलान होगा। इसके अलावा पुंदाग, अरगोड़ा, गाड़ीखाना, पुरानी रांची, अपर बाजार होकर शहीद चौक शोभायात्रा पहुंचेगी। धावनगर, कांके रोड, गांधीनगर, हातमा से शोभायात्रा चलकर महावीर चौक पहुंचेगी। शहरी क्षेत्र में नामकुम, चुटिया, गुदड़ी, कर्बला चौक, चर्च रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा काली मंदिर चौक पहुंचेगी। वहीं हिंदपीढ़ी, लेक रोड, मल्लाह टोली की ओर से आने वाली शोभायात्रा उर्दू लाइब्रेरी चौक पर पहुंचेगी। वहीं भूतहा तालाब, व्यायामशाला, नवा टोली, जालान रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा शहीद चौक पर मिलेगी। समलोंग, चुटिया, बहू बाजार, चर्च रोड की ओर से आने वाली शोभायात्रा संकट मोचन मंदिर मेन रोड पहुंचकर सभी शोभायात्रा मेन रोड से सुजाता चौक होते हुए अति प्राचीन तपोवन मंदिर की ओर प्रस्थान करेगी।

बेड़ो में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 260 आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया स्मार्टफोन

PHOTON NEWS RANCHI : बेड़ो में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में 260 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन दिया। मौके पर सीडीपीओ संगीता कुजूर उपस्थित थीं। मंत्री ने कहा, सेविकाओं को लंबे समय से डिजिटल कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। यह मांग बार-बार उठती रही कि उन्हें स्मार्टफोन मुहैया कराया जाए। आज हमारी सरकार ने वह वादा पूरा किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस विभाग की अहमियत को समझते हैं, इसलिए उन्होंने इसे अपने अधीन रखा है और इसके सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह पहल सेविकाओं को न केवल तकनीकी रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में भी मददगार होगी।

सीडीपीओ संगीता कुजूर ने बताया कि स्मार्टफोन में पोषण ट्रैकर ऐप सहित आवश्यक विभागीय एप्स पहले से इंस्टॉल हैं, जिससे सेविकाएं पोषण, टीकाकरण, बच्चों की उपस्थिति और स्वास्थ्य संबंधी डेटा की रीयल टाइम एंट्री कर सकेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि सेविकाओं को मोबाइल एवं ऐप संचालन हेतु विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख विनीता कच्छप ने कहा, डिजिटल उपकरणों के उपयोग से सेविकाओं को योजनाओं की जानकारी, डेटा संग्रहण और रिपोर्टिंग में सुविधा होगी।

राजधानी में फैटी लीवर मुक्त अभियान की हुई शुरूआत, बोले विशेषज्ञ -

हर तीन में से एक व्यक्ति को नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर की समस्या

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को रांची को फैटी लीवर मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर फैटी लीवर मुक्त रांची अभियान की शुरूआत हुई। अभियान में दिल्ली स्थित आईएलबीएस और सदर अस्पताल रांची का सहयोग प्राप्त हुआ। लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके शरीन ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य एक साल के अंदर रांची को फैटी लीवर मुक्त करना और इसे मॉडल जिला के रूप में स्थापित करना है। इसके बाद इस मॉडल को पूरे देश में लागू किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि इस बीमारी से लोग जूझ रहे हैं। अगर सही समय पर इसका पता लगा लिया जाए तो बीमारी को ठीक किया जा सकता है। लोगों को इसकी वजह से कई अन्य बीमारियों की चपेट में आने से रोका जा सकता है।

60 हजार लोगों की स्क्रीनिंग का रखा गया है लक्ष्य

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री विभाग को उपलब्ध कराएंगे 4 हाईटेक बसें

कार्यक्रम का उद्घाटन करते रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ● फोटोन न्यूज

लीवर में 10 परसेंट फैट खतरे की घंटी

आईएलबीएस की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कनिका कौशल ने कहा कि फैटी लीवर की स्क्रीनिंग जल्दी हो जाए तो स्पेशलिस्ट के पास रेफर किया जा सकते है। हर तीसरा आदमी आज नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर की चपेट में है। सहिया दीदी और आशा दीदी प्राइमरी लेवल पर लोगों की स्क्रीनिंग करेगी। इसके बाद उन्हें अपर लेवल पर रेफर किया जाएगा। वहीं ब्लड टेस्ट करने के बाद फाइब्रोस्कैन किया जाएगा। इससे मरीजों के फैटी लीवर के लेवल का पता लगाया जाएगा। लीवर में 5 परसेंट फैट होता है।

जांच : संजय सेठ ने बताया कि वह विभाग को चार हाईटेक बसें उपलब्ध कराने जा रहे हैं। पहले फेज में 2 बसें दी जाएगी। वहीं दूसरे फेज में दो बसों को उपलब्ध कराया जाएगा। इन बसों में स्क्रीनिंग के लिए सारी सुविधाएं मौजूद रहेगी। फाइब्रोस्कैन के लिए भी मशीन इन बसों में रहेगी, ताकि तत्काल सस्पेक्टेड मरीजों की जांच की जा सकेगी। इन बसों के माध्यम से लगभग 60,000 लोगों का स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान का उद्देश्य रांची को न केवल फैटी लीवर मुक्त बनाना है, बल्कि इसे पूरे देश में एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना है।

फैटी लीवर से बीपी और डायबिटीज : लीवर स्पेशलिस्ट डॉ. शिव कुमार सरीन ने बताया कि भारत में लगभग 30 करोड़ लोग फैटी लीवर से प्रभावित हैं। यह बीमारी एल्कोहलिक और नॉन-एल्कोहलिक दोनों प्रकार की होती है। फैटी लीवर से शरीर को अधिक इंसुलिन की आवश्यकता होती है, जिससे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। फैटी लीवर की रोकथाम के लिए जीवनशैली में बदलाव जरूरी है।

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर मुस्लिम समाज में बेचैनी : हसन अंसारी

RANCHI : लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। अब इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा, जहां से मंजूरी मिलने के बाद ये कानून बन जाएगा। इससे पहले झारखंड की आजसू पार्टी के समर्थन के बाद मुस्लिम नेताओं में नाराजगी खुलकर सामने आई है। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2024 से देश में अफरा-तफरी का माहौल है। विशेषकर मुस्लिम समाज में एक बेचैनी है। आजसू पार्टी एनडीए फोल्डर में है। विधेयक को समर्थन देने के मामले में मुस्लिम समाज आजसू पार्टी के निर्णय से पूरी तरह से आहत है। हम पार्टी के निर्णय से पूरी तरह असहमत हैं। बैठक कर जल्द ही आगे की रणनीति तय की जाएगी।

पहली बार राष्ट्रीय स्तर के योगासन शिविर का समापन

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नटराज योग संस्थान और रांची जिला योगासन खेल संघ के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय अवासीय योगासन शिविर का समापन शनिवार को हुआ। योगासन शिविर 20 मार्च को शुरू हुआ था। इसमें राज्य के विभिन्न जिला और क्षेत्र के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। साथ ही कचहरी चौक में नटराज योग संस्थान का शुभारंभ भी किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के तौर पर रामानंद सागर की ओर से निर्मित रामायण सिरियरल में अंकपन की भूमिका निभाने वाले मुरारीलाल गुप्ता, डॉ ऋतुराज कुमार परियोजना अधिकारी, रिलेशन के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची जिला खेल संघ के सचिव डॉ एसके घोषाल, लातेहार जिला योगासन संघ के सचिव सहित अन्य उपस्थित रहे।

BRIEF NEWS

मायुमं, सुरभि शाखा की नई टीम ने ली शपथ

JAMSHEDPUR : मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी-सुरभि शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने शुक्रवार को अपनी पूरी टीम के साथ शपथ ग्रहण किया। नवगठित कमेटी में सचिव पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, उपाध्यक्ष वर्षा चौधरी, प्रियंका चौधरी, सहसचिव अनीता अग्रवाल, रीना गोयल, नेहा अग्रवाल, मेघा जैन, खुशबू कांवटिया, प्रीति अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, नूपुर तुलस्यान, रश्मि झाझरिया, डॉ. रुचिता अग्रवाल व पूनम अग्रवाल भी शामिल हैं।

एनएच-18 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

GHATSHILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र में एनएच-18 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 21 वर्षीय युवक दीपक सोरेन की मौत हो गई। यह दुर्घटना शुक्रवार की देर रात सोनाखून गांव के समीप हुई। परिजनों ने बताया कि दीपक चाकुलिया अपने रिश्तेदार के घर गया था। वापस आने के दौरान दुर्घटना हुई है। मृतक मूल रूप से पोटका थाना क्षेत्र के सानग्राम पंचायत के हेसागोड़ा गांव निवासी घनश्याम सोरेन का इकलौता पुत्र था। वह घाटशिला के काशिदा में रहकर स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार को परिवार के लोग अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन पोटका चले गए।

झामुमो के महाधिवेशन में जिले से भाग लेंगे 150 प्रतिनिधि

CHAIBASA : झामुमो का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन 14-15 अप्रैल को रांची के खेलगांव स्थित इंडोर स्टेडियम में होगा। इसे लेकर शनिवार को चाईबासा में जिला समिति की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम ने कहा कि इस महाधिवेशन में पश्चिमी सिंहभूम जिले से लगभग 150 प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक को मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक निरल पुरती व जगत माझी और आंदोलनकारी चिह्नितकरण आयोग के सदस्य भुनेश्वर महतो ने भी संबोधित किया। सभा में जिला परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, सुभाष बनर्जी, मोनिका बोईपाई, सहसचिव विश्वनाथ बाड़ा, जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभा का संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक प्रधान व धन्यवाद ज्ञापन जिला सचिव राहुल आदित्य ने किया।

सीआरपीएफ व झारखंड जगुआर की कोबरा बटालियन के साथ जिला पुलिस चला रही सर्च ऑपरेशन

सारंडा में सुरक्षा बलों ने बरामद किए चार आईईडी, 16 भूमिगत बंकर किए ध्वस्त

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों द्वारा भाकपा-माओवादी नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इसी कड़ी में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षाबलों ने शनिवार को जराईकेला थाना अंतर्गत वनग्राम बाबूडेरा के पास चार शक्तिशाली आईईडी बरामद किए, जो 5-5 किलोग्राम के थे। बम निरोधक दस्ते की मदद से सभी आईईडी को वहीं नष्ट कर दिया गया।

अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के 16 भूमिगत बंकरों का भी पता लगाया, जिसमें लगभग 45 से 50 लोगों के ठहरने की व्यवस्था थी। इन बंकरों को भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया, जिससे नक्सलियों के ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है।

यहां बता दें कि पश्चिमी सिंहभूम के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में नक्सली संगठन भाकपा-माओवादी की विध्वंसक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षाबल विशेष संयुक्त अभियान चला रहे हैं। इस अभियान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 26, 60, 134, 174, 193 और 197 बटालियन, झारखंड जगुआर की 203 व 209 कोबरा बटालियन और पश्चिमी सिंहभूम की जिला पुलिस संयुक्त टीम बनाकर सक्रिय है।

सारंडा-कोल्हान में सक्रिय हैं शीर्ष नक्सली नेता

भाकपा-माओवादी के शीर्ष नक्सली नेता-मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत और रापा मुंडा अपने-अपने दस्तों के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं। ये सभी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने और विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में हैं।

4 मार्च से जंगलों में चल रहा विशेष अभियान

4 मार्च से छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में एक विशेष संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। यह इलाका नक्सलियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है, जहां से वे अपनी गतिविधियों का संचालन करते हैं।

अभियान में बड़ी कार्रवाई की संभावना

सुरक्षा बलों का संयुक्त अभियान अभी भी जारी है। अधिकारियों का मानना है कि नक्सलियों की गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव डालने के लिए आने वाले दिनों में और भी बड़े कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील भी की गई है, ताकि जंगलों में छिपे उग्रवादियों को समाप्त किया जा सके।

प्रखंडवार प्रतिनियुक्त किए गए वरीय दंडाधिकारी

आज निकलेगा रामनवमी जुलूस

PHOTON NEWS HAZARIBAG : जिले के विभिन्न प्रखंडों में 6 अप्रैल को रामनवमी जुलूस निकाला जाएगा। उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर रामनवमी के लिए प्रखंडवार वरीय दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर पूर्व में घटित घटना के मद्देनजर रामनवमी के अवसर पर संपूर्ण जिले में विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरतने की आवश्यकता प्रतीत होती है।

सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामती को सदर, अपर समाहर्ता संतोष सिंह को बड़कागांव, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मुलिन मरांडी को केरेडारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार को विष्णुगढ़, कार्यपालक दंडाधिकारी सुनीता कुमारी को दारू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंह को टाटीझरिया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता राजकिशोर प्रसाद को डाडी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी रजत अनूप कुमार कच्छप को चुरचू प्रखंड में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर प्रेम कुमार को ईचाक, जिला पशुपालन पदाधिकारी न्यूटन तिर्की को कटकमदाग, डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया को कटकमसांडी, सामाजिक सुरक्षा की सहायक निदेशक निवेदिता राय को पदमा, बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू को बरही, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी को बरकट्ठा, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बरही अजय भगत को चौपारण एवं कार्यपालक दंडाधिकारी बरही दीपा खलखो को चलकुशा प्रखंड में प्रतिनियुक्ति किया गया है।

प्रतिनियुक्त वरीय दंडाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थानों की समीक्षा कर अपने-अपने आवंटित प्रखंड में सभी जुलूस को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएंगे। सभी प्रतिनियुक्ति के वरीय प्रभार में उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद रहेंगे।

हजारीबाग जिले के 7 सामुदायिक केंद्रों में लग गई लेटेस्ट एक्सरे मशीन

PHOTON NEWS HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने शनिवार को डीएमएफटी मद से हजारीबाग जिला अंतर्गत कुल 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय जांच के लिए लेटेस्ट एक्सरे मशीन उपलब्ध करा दी है। बिष्णुगढ़, कटकमसांडी, ईचाक, बड़कागांव, चौपारण, बरकट्ठा एवं चरही के सामुदायिक केंद्रों में एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह पोर्टेबल एक्सरे मशीन है, जिसमें लेटेस्ट स्पेसिफिकेशन है। अब प्रखंड स्तर पर ही लोग एक्सरे करा सकते हैं। यह एक बहुत ही नॉर्मल डिवाइस है, जो दो सेकेंड में ही डिजिटल पिक्चर क्रिएट कर देती है। इस एक्सरे मशीन से हमारे डॉक्टर, एक्सरे टेक्निशियंस को काम करने में बहुत आसानी होगी। टीबी के मरीजों का भी एक्सरे करने में आसानी होगी। एक्सरे की कमी की वजह से पहले प्रखंड स्तर पर गांव के मरीजों का एक्सरे कराने में काफी परेशानी होती थी। इस मौके पर उपविकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीपीओ पंकज तिवारी, सीएस सरयू प्रसाद, डीपीआरओ रोहित कुमार सहित कई चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ भी उपस्थित थे।

विधायक सुखराम उरांव ने पत्नी संग की शनि देव की पूजा

CHAKRADHARPUR : विधायक सुखराम उरांव ने शनिवार को अपने गांव बनमालीपुर में पत्नी नवमी उरांव के साथ शनि देव की पूजा की। सुबह में पं. सूर्यमणि कर और पं. गिरधारी दास ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई। दोपहर में विधायक समेत पूरे परिवार ने हवन कुंड में आहुति डाली। तत्पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात हो कि विधायक सुखराम उरांव प्रतिवर्ष परिवार और क्षेत्र की सुख-शांति के लिए शनि महाराज की पूजा करते हैं।

रामनवमी में पेश-ए-इमाम व मस्जिद कमेटियों से प्रशासन ने मांगा सहयोग

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर शनिवार को समाहरणालय में पेश-ए-इमाम तथा मस्जिदों के अध्यक्ष व महासचिव के साथ बैठक की गई। एडीएम अनिकेत सचान की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों से विधि-व्यवस्था बनाए रखने में अपने स्तर से भी सहयोग करने की अपील की गई। एडीएम ने कहा कि आप सभी की बातों का व्यापक असर होता है, ऐसे में मस्जिदों में नमाज के समय भी जिला प्रशासन की भावनाओं से सभी आयु वर्ग के लोगों को अवगत कराएं एवं सौहार्दपूर्ण एवं शांति के वातावरण में त्योहार मनाए जाने में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। एडीएम ने कहा कि एक दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्योहार मनाएं, रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान सड़क या धार्मिक स्थलों के पास अड्डाबाजी न हो, इसे सभी प्रबुद्ध लोग अपने स्तर से सुनिश्चित करें। युवा वर्ग से अपील की कि शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, ऐसी कोई उद्दंडता नहीं करें कि कानूनी प्रक्रिया अपनानी पड़े।

वार्ता विफल होने के बाद हरकत में आया प्रशासन

एनएच व प्लांट का गेट खाली विधायक श्वेता सिंह हिरासत में

PHOTON NEWS BOKARO : शुक्रवार की शाम वार्ता विफल होने के बाद जिला प्रशासन एक्शन में आया। अधिकारियों ने रात 10 बजे एनएच पर आवागमन शुरू कराया। बोकारो स्टील प्लांट के मुख्य द्वार पर जाम का नेतृत्व कर रहीं बोकारो विधायक श्वेता सिंह व उनके कई समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। फिर बोकारो इस्पात संयंत्र के सभी गेट को खाली कराया गया। इधर, प्लांट में फंसे कई मजदूरों ने पीएम मोदी व गृहमंत्री को ट्वीट कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। डीसी विजया जाधव व पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने जिलेवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। इसके साथ ही कहा कि विधि-व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हरला थाना क्षेत्र में हिंसक झड़प में छह से अधिक घायल

बंद समर्थकों व झोपड़पट्टी में रहने वालों के बीच हुई झड़प में छह से अधिक युवक घायल हो गए। बंद समर्थकों ने झोपड़ियों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया था।

टाटा-हटिया व टाटा-बरकाकाना समेत कई ट्रेनें आज रहेंगी रद्द

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : टाटानगर रेलवे स्टेशन से चलने वाली कई ट्रेनें विकास कार्यों के कारण अलग-अलग तिथियों पर रद्द की गई हैं। इसमें टाटा-हटिया-टाटा एक्सप्रेस, झाड़ग्राम-पुरुलिया-झाड़ग्राम एक्सप्रेस, टाटा-बरकाकाना-टाटा एक्सप्रेस को रविवार को रद्द किया गया है। इसके साथ ही ये ट्रेन आगामी 3 रविवार को भी रद्द रहेंगे। वहीं, टाटा-आसनसोल-टाटा मेमू और टाटा-धनबाद-टाटा सुवर्णरेखा एक्सप्रेस, आसनसोल-टाटा -आसनसोल मेमू को पुरुलिया में शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। इस संबंध में रेलवे ने सर्कुलर जारी कर दिया है।

ये ट्रेनें हुई कैंसिल

- टाटा-हटिया-टाटा एक्सप्रेस- 6,13, 20, 27 अप्रैल
- टाटा-बरकाकाना-टाटा एक्सप्रेस- 6, 13, 20, 27 अप्रैल
- झाड़ग्राम-पुरुलिया-झाड़ग्राम एक्सप्रेस- 10, 17, 24 अप्रैल और 1 मई

ये रहेंगी शॉर्ट टर्मिनेट

- आसनसोल-टाटा-आसनसोल मेमू 6,13, 20 और 27 अप्रैल को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट रहेगी
- धनबाद-टाटा-धनबाद एक्सप्रेस- 10,17, 24 अप्रैल और 1 मई को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी
- आसनसोल-टाटा-आसनसोल मेमू- 10, 17, 24 अप्रैल और 1 मई को आद्रा में शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

रामनवमी को लेकर लातेहार के सभी प्रखंडों में किया गया फ्लैग मार्च

PHOTON NEWS LATEHAR : रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपायुक्त के निदेशानुसार जिला अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रशासनिक पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस बल के जवानों ने फ्लैग मार्च किया गया।

इस दौरान आपसी प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रामनवमी का त्योहार मनाने की अपील की गई। रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी चौक-चौराहों और जुलूस में पुलिस सक्रिय रहेगी। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिक सुविधाओं की बेहतरी का ध्यान रखेगी। लोग संयमित और अनुशासित तरीके से त्योहार मनाएं। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखेगा। सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें। किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। तय रूट से ही जुलूस निकालें। ड्रोन कैमरे और वीडियोग्राफी से असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। आपसी सौहार्द और त्योहार में शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मातृत्व सेवा संकल्प यात्रा के तहत मैसूर से देश भ्रमण कराने निकला बेटा

मां को स्कूटर से करा चुका 95212 किलोमीटर की यात्रा

PHOTON NEWS GHATSHILA : कर्नाटक के मैसूर निवासी डॉ. कृष्णामूर्ति कृष्ण कुमार अपनी मां को 20 साल पुराने स्कूटर पर पूरे देश की यात्रा कराते हुए शुक्रवार को घाटशिला पहुंचे। शुक्रवार की रात घाटशिला के रामकृष्ण मठ में रुकेंगे। शनिवार को फिर यात्रा पर निकल जाएंगे। डॉ. कुमार ने बताया कि 5 वर्ष पहले पिता का निधन हो गया था। इसके बाद वे 16 जनवरी 2018 में पुराना स्कूटर लेकर मां चूडारलम्मा को स्कूटर से ही यात्रा कराने के लिए निकले थे, जो अभी जारी है। डॉ. कुमार ने बताया कि अब वे झारखंड होते हुए छत्तीसगढ़, फिर आंध्र प्रदेश जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पुडुचेरी, गोवा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, कन्याकुमारी सहित कई राज्यों की यात्रा कर चुके हैं। नेपाल, भूटान, म्यांमार देश भी जा चुके हैं। अब तक स्कूटर से करीब 95 हजार 212 किलोमीटर की यात्रा हो चुकी है। डॉ. कुमार ने बताया कि मातृत्व सेवा संकल्प यात्रा के तहत यह यात्रा चल रही है।

डॉ. कृष्णामूर्ति कृष्ण कुमार अपनी मां के साथ • फोटोन न्यूज

- मैसूर निवासी डॉ. कृष्णामूर्ति कृष्ण कुमार अपनी मां को 20 साल पुराने स्कूटर पर पूरे देश की यात्रा कराते हुए शुक्रवार को घाटशिला पहुंचे

95 हजार किलोमीटर की यात्रा में कभी नहीं खाया होटल में

डॉ. कुमार ने कहा कि अभी तक कहीं भी होटल में खाना नहीं खाया हैं। हर जगह देश के मंदिर और मठ में रहने और खाने की व्यवस्था हो जाती है। सभी जगह अतिथि देवो भव के तहत सेवा सत्कार मिलता है। हमारा धर्म श्रेष्ठ है। इस धर्म के तहत हमें जो आदर सत्कार मिलता है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

माता-पिता की करें सेवा

उन्होंने कहा कि माता-पिता का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन हमेशा माता-पिता का ऋण चुकाने के लिए प्रयास अवश्य करना चाहिए। जब माता-पिता जीवित रहते हैं, उसी समय उनका ऋण चुकाने का प्रयास करना चाहिए, न कि उनकी मृत्यु के बाद। मैं सभी से कहना चाहता हूं। जीवित माता-पिता की सेवा करें और उन्हें कोई कष्ट न होने दें। माता-पिता काफी कष्ट करके बच्चों को बड़ा करते हैं।

चर्म रोग विभाग के कर्मी पर लगा नर्स से छेड़खानी का आरोप

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का मामला

PHOTON NEWS DHANBAD : शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के चर्म रोग विभाग के सरकारी कर्मी पर एक नर्स (आउटसोर्सिंगकर्मी) ने छेड़खानी का आरोप लगाया है। नर्स ने अपने माता-पिता को भी मामले की जानकारी दी है। अभिभावकों ने इसकी शिकायत अस्पताल प्रबंधन से की है। बताया जा रहा है कि नर्स की नौकरी 3 माह पूर्व ही लगी है। उसने अभिभावकों को बताया कि कर्मी उस पर गलत नजर रख रहा है। इधर, शिकायत मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन रेस हो गया। मामले की जानकारी ली जा रही है। नर्स जामताड़ा की रहने वाली है। इधर वरीय अस्पताल प्रबंधक डॉ. सीएस सुमन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

पहले भी चर्म रोग विभाग में डॉक्टर के हुई थी घटना : चर्म रोग विभाग में 2 वर्ष पहले यहां की जूनियर डॉक्टर ने अपने सीनियर डॉक्टर पर छेड़खानी का आरोप लगाया था। इस मामले में काफी बवाल हुआ था। इसके लिए जांच कमेटी भी बनी थी। बाद में किसी तरह मामले को शांत कराया गया था। एक बार फिर से छेड़खानी की घटना आने के बाद विभाग चर्चा में आ गया है।

हाटगम्हारिया में महावीरी झंडा उतारने पर हुआ बवाल

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हारिया में शनिवार को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा महावीरी झंडा उतार दिया गया, जिसके बाद बाजार में बवाल हो गया। उपद्रवी तत्वों ने चाय की दुकान से झंडा नहीं उतारने पर दुकानदार से मारपीट भी की, जिससे माहौल गरमा गया। इस घटना के बाद सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर घटना का विरोध जताया। हालांकि, पुलिस ने मामले को फिलहाल शांत करा दिया है, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस फ्लैगमार्च कर रही है। यहां बता दें कि पिछले साल भी यहां रामनवमी को लेकर तनाव का माहौल बन गया था।

रामनवमी पूजा की एकदम सरल विधि

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रामनवमी मनाई जाती है जो कि भगवान विष्णु के 7वें अवतार थे। प्रत्येक साल हिन्दू कैलेडर के अनुसार चैत्र मास की नवमी तिथि को श्रीराम नवमी के रूप मनाया जाता है। चैत्र मास की प्रतिपदा से लेकर नवमी तक नवरात्रि भी मनाई जाती है। इन दिनों कई लोग उपवास भी रखते हैं।

रामनवमी उत्सव

श्री रामनवमी हिन्दुओं के प्रमुख त्यौहारों में से एक है जो देश-दुनिया में सच्ची श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार वैष्णव समुदाय में विशेषतौर पर मनाया जाता है।

- आज के दिन भक्तगण रामायण का पाठ करते हैं।
- रामरक्षा स्त्रोत भी पढ़ते हैं।
- कई जगह भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जाता है।
- भगवान राम की मूर्ति को फूल-माला से सजाते हैं और स्थापित करते हैं।
- भगवान राम की मूर्ति को पालने में झुलाते हैं।

राम नवमी की पूजा विधि

राम नवमी की पूजा विधि कुछ इस प्रकार है :

- सबसे पहले स्नान करके पवित्र होकर पूजा स्थल पर पूजन सामग्री के साथ बैठें।
- पूजा में तुलसी पत्ता और कमल का फूल अवश्य होना चाहिए।
- उसके बाद श्रीराम नवमी की पूजा षोडशोपचार करें।
- खीर और फल-मूल को प्रसाद के रूप में तैयार करें।
- पूजा के बाद घर की सबसे छोटी बालिका/महिला सभी लोगों के माथे पर तिलक लगाएं।

पौराणिक मान्यता

श्री रामनवमी की कहानी लंकाधिराज रावण से शुरू होती है। रावण अपने राज्यकाल में बहुत अत्याचार करता था। उसके अत्याचार से पूरी जनता त्रस्त थी, देवतागण भी, क्योंकि रावण ने ब्रह्मा जी से अमर होने का वरदान ले लिया था। उसके अत्याचार से तंग होकर देवतागण भगवान विष्णु के पास गए और प्रार्थना करने लगे। फलस्वरूप प्रतापी राजा दशरथ की पत्नी कौशल्या की कोख से भगवान विष्णु ने राम के रूप में रावण को परास्त करने हेतु जन्म लिया। तब से चैत्र की नवमी तिथि को रामनवमी के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई। नवमी के दिन ही स्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना शुरू की थी।

भगवान श्रीराम के इन गुणों से हमें भी सीखना चाहिए

भगवान श्रीराम के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। खासतौर पर उनके द्वारा अपनाई गई व्यावहारिक नीतियां, यहीं कारण था कि कठिन परिस्थितियों में भी वे सफल रहे। भगवान श्रीराम के स्वभाव के इन 11 गुणों से सीखना चाहिए .

- सभी से हंसते-मुस्कुराते मिलना।
- लोगों के नामों को याद रखना और उन्हें, उन्हीं नाम से संबोधित करना।
- दूसरों की बातों को ध्यान और धीरज से सुनना।
- लोगों के प्रति सच्ची निष्ठा रखना।
- दूसरे व्यक्तियों को सम्मान देना।
- किसी को अपने विचार मनवाने के लिए तर्क और विवाद का सहारा नहीं लेना।
- उच्च आदर्श व सिद्धांत का पालन करने में हर कठिनाई को सहन करने के लिए तैयार रहना।
- दूसरे के विचारों और भावनाओं के प्रति सच्ची सहानुभूति रखना।
- दूसरे की दृष्टि से घटनाओं या वस्तुओं को देखने का प्रयास करना।
- अपनी त्रुटि (गलती) को शीघ्र स्वीकार कर लेना।
- दूसरे व्यक्तियों के विचारों के प्रति आदर की भावना होना।

श्री राम के चरण कमल पर शीश
झुकाएं जीवन में हर खुशियां पाएं.
राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं!

श्रीराम जन्मोत्सव, पर जानें पूजन के मुहूर्त, महत्व

इस बार वर्ष 2025 में रामनवमी 6 अप्रैल, रविवार को मनाई जाएगी।

इस दिन सुबह 11 बजकर 8 मिनट से दोपहर 1 बजकर 39 मिनट तक पूजा का शुभ मुहूर्त रहेगा।

इस शुभ समय में भगवान श्रीराम की पूजा की जा सकती है।

रामनवमी का महत्व- धार्मिक ग्रंथों के अनुसार रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था, जो विष्णु के सातवें अवतार थे। भगवान राम का जन्म दोपहर के समय हुआ था, इसलिए राम नवमी पूजा तथा अनुष्ठान के लिए दोपहर का समय सबसे शुभ माना जाता है। रामनवमी का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। रामनवमी का त्योहार भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को याद दिलाता है।आज के दिन भगवान राम के मंदिर में जाएं, रामायण का पाठ करें। अधिक से अधिक भगवान राम के मंत्रों का जाप करें। गरीबों और जरूरतमंदों को दान करें। इस दिन तामसिक भोजन का सेवन न करें और ना ही किसी भी प्रकार के नशा करें। मान्यतानुसार भगवान राम की कृपा प्राप्त करने और अपने जीवन को सुखमय बनाने का रामनवमी एक उत्तम अवसर है।

श्री राम चालीसा

हिन्दू धर्मग्रंथों के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम विष्णु के दशावतारों में से 7वें अवतार हैं। श्रीराम एक आदर्श पुरुष थे। राम नवमी के दिन उनका पूजन, मंत्र, स्तुति, चालीसा, आरती, रामाष्टक आदि का पाठ करने से मनुष्य जीवन के भवसागर से पार पा जाते हैं, अतः हर मनुष्य को प्रतिदिन श्री राम की स्तुति करते हुए यह पाठ अवश्य करना चाहिए। अगर आप प्रतिदिन नहीं कर पा रहे हैं तो राम नवमी के दिन अवश्य ही पढ़ना चाहिए।

चौपाई

श्री रघुवीर भक्त हितकारी। सुन लीजै प्रभु अरज हमारी।।
निशिदिन ध्यान धरै जो कोई। ता सम भक्त और नहिं होई।।
ध्यान धरे शिवजी मन माहीं। ब्रह्म इन्द्र पार नहिं पाहीं।।
दूत तुम्हार वीर हनुमाना। जासु प्रभाव तिहूं पुर जाना।।
तब भुज दण्ड प्रचण्ड कृपाला। रावण मारि सुरन प्रतिपाला।।
तुम अनाथ के नाथ गुंसाई। दीनन के हो सदा सहाई।।
ब्रह्मादिक तव पारन पावैं। सदा ईश तुम्हरो यश गावैं।।
चारिउ वेद भरत हैं साखी। तुम भक्तन की लज्जा राखीं।।
गुण गावत शारद मन माहीं। सुरपति ताको पार न पाहीं।।
नाम तुम्हार लेत जो कोई। ता सम धन्य और नहिं होई।।
राम नाम है अपरम्पारा। चारिहु वेदन जाहि पुकारा।।
गणपति नाम तुम्हारो लीन्हो। तिनको प्रथम पूज्य तुम कीन्हो।।
शेष रटत नित नाम तुम्हारा। महि को भार शीश पर धारा।।
फूल समान रहत सो भारा। पाव न कोऊ तुम्हरो पारा।।
भरत नाम तुम्हरो उर धारो। तासों कबहुं न रण में हारो।।
नाम शक्षुहन हृदय प्रकाशा। सुमिरत होत शत्रु कर नाशा।।
लखन तुम्हारे आज्ञाकारी। सदा करत सन्तन रखवारी।।
ताते रण जीते नहिं कोई। युद्ध जुरे यमहूं किन होई।।
महालक्ष्मी धर अवतारा। सब विधि करत पाप को छारा।।
सीता राम पुनीता गायो। भुवनेश्वरी प्रभाव दिखायो।।
घट सों प्रकट भई सो आई। जाको देखत चन्द्र लजाई।।
सो तुमरे नित पांव पलोटत। नवो निद्धि चरणन में लोटत।।
सिद्धि अठारह मंगलकारी। सो तुम पर जावै बलिहारी।।
औरहु जो अनेक प्रभुताई। सो सीतापति तुमहिं बनाई।।
इच्छा ते कोटिन संसारा। रचत न लागत पल की बारा।।
जो तुम्हे चरणन चित लावै। ताकी मुक्ति अवसि हो जावै।।
जय जय जय प्रभु ज्योति स्वरूपा। निर्गुण ब्रह्म अखण्ड अनूपा।।
सत्य सत्य जय सत्यव्रत स्वामी। सत्य सनातन अन्तर्यामी।।
सत्य भजन तुम्हरो जो गावै। सो निश्चय चारों फल पावै।।
सत्य शपथ गौरीपति कीन्हीं। तुमने भक्तिहिं सब विधि दीन्हीं।।
सुनहु राम तुम तात हमारे। तुमहिं भरत कुल पूज्य प्रचारे।।
तुमहिं देव कुल देव हमारे। तुम गुरु देव प्राण के प्यारे।।
जो कुछ हो सो तुम ही राजा। जय जय जय प्रभु राखो लाजा।।
राम आत्मा पोषण हारे। जय जय दशरथ राज दुलारे।।
ज्ञान हृदय दो ज्ञान स्वरूपा। नमो नमो जय जगपति भूपा।।
धन्य धन्य तुम धन्य प्रतापा। नाम तुम्हार हरत संतापा।।
सत्य शुद्ध देवन मुख गाया। बजी दुन्दुभी शंख बजाया।।
सत्य सत्य तुम सत्य सनातन। तुम ही हो हमरे तन मन धन।।
याको पाठ करे जो कोई। ज्ञान प्रकट ताके उर होई।।
आवागमन मिटै तिहि केरा। सत्य वचन माने शिर मेरा।।
और आस मन में जो होई। मनवांछित फल पावे सोई।।
तीनहुं काल ध्यान जो ल्यावै। तुलसी दल अरु फूल चढ़ावै।।
साग पत्र सो भोग लगावै। सो नर सकल सिद्धता पावै।।
अन्त समय रघुबरपुर जाई। जहां जन्म हरि भक्त कहाई।।
श्री हरिदास कहै अरु गावै। सो बैकुण्ठ धाम को पावै।।

दोहा

सात दिवस जो नेम कर, पाठ करे चित लाय।
हरिदास हरि कृपा से, अवसि भक्ति को पाय।।
राम चालीसा जो पढ़े, राम चरण चित लाय।
जो इच्छा मन में करै, सकल सिद्ध हो जाय।।
।।इतिश्री प्रभु श्रीराम चालीसा समाप्तः।।

श्री राम को प्रसन्न करेंगे तो मिलेंगे विजय और उन्नति के शुभ आशीष

10 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन प्रभु श्रीराम का जन्म हुआ था। उनके जन्मोत्सव पर उन्हें सरल उपायों से प्रसन्न करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते है जिससे हर क्षेत्र में विजय और उन्नति मिलेगी।

- रामनवमी के दिन 1 कटोरी में गंगा जल लेकर राम रक्षा मंत्र 'ऊँ श्रीं ह्रीं क्लीं रामचन्द्राय श्रीं नमः' का 108 बार जाप करें। फिर पूरे घर के कोने-कोने में उस जल का छिड़काव कर दें। इससे घर का वास्तुदोष तथा भूत-प्रेत, नजर बाधा, तंत्र बाधा आदि समाप्त हो जाते हैं। यह उपाय आप अपने ऑफिस-दुकान या व्यवसाय स्थल में भी कर सकते हैं।
- राम नवमी के दिन भगवान श्रीराम के मंदिर में या उनके चित्र के सामने 3 बार अलग-अलग समय पर श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन,का पाठ करें, इससे जीवन की हर चीजें अनुकूल होने लगती है।
- रामनवमी पर भगवान श्रीराम का पूजन और वंदन करने से सुख, समृद्धि और शांति बढ़ती है। साथ ही संतान सुख की प्राप्ति होती है।
- नवमी के दिन लौकी खाना निषेध है, क्योंकि इस दिन लौकी का सेवन गौ-मांस के समान माना गया है। इस दिन कड़ी, पूरणपौल, खीर, पूरी, साग, भजिये, हलवा, कद्दू या आलू की सब्जी बनाई जा सकती है। माता दुर्गा और श्रीराम को भोग लगाने के बाद ही भोजन किया जाता है। इससे प्रभु श्रीराम प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।
- भगवान श्रीरामजी को केसर भात, खीर, कलाकंद, बर्फी, गुलाब जामुन का भोग प्रिय है। इसके अलावा हलुआ, पूरनपोळी, लड्डू और सिवइयां भी उनको पसंद हैं।
- पंचामृत और धनिया पंजीरी दो तरह के प्रसाद उन्हें अर्पित किए जाते हैं। यह रामजी को बहुत ही पसंद है। उन्हें धनिए का प्रसाद चढ़ाते हैं। इसे धनिया पंजीरी कहते हैं। इसे सौंठ पंजीरी भी कहते हैं। यह कई तरह से बनाई जाती है।

राम नवमी
क्यों मनाया जाता है यह दिन

राम नवमी का संबंध भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम से है। भगवान विष्णु ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करने के लिये हर युग में अवतार धारण किए। इन्हीं में एक अवतार उन्होंने भगवान श्री राम के रुप में लिया था। जिस दिन भगवान श्री हरि ने राम के रूप में राजा दशरथ के यहां माता कौशल्या की कोख से जन्म लिया वह दिन चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी का दिन था। यही कारण है कि इस तिथि को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि का भी यह अंतिम दिन होता है।

श्री राम का जन्म

पौराणिक ग्रंथों में जो कथाएं हैं उनके अनुसार भगवान राम त्रेता युग में अवतरित हुए। उनके जन्म का एकमात्र उद्देश्य मानव मात्र का कल्याण करना, मानव समाज के लिए एक आदर्श पुरुष की मिसाल पेश करना और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना करना था। यहां धर्म का अर्थ किसी विशेष धर्म के लिए नहीं बल्कि एक आदर्श कल्याणकारी समाज की स्थापना से है।

राजा दशरथ जिनका प्रताप 10 दिशाओं में व्याप्त रहा। उन्होंने तीन विवाह किए थे लेकिन किसी भी रानी से उन्हें पुत्र की प्राप्ति नहीं हुई। ऋषि मुनियों से जब इस बारे में विमर्श किया तो उन्होंने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने की सलाह दी। पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने के पश्चात यज्ञ से जो खीर प्राप्त हुई उसे राजा दशरथ ने अपनी प्रिय पत्नी कौशल्या को दे दिया।

कौशल्या ने उसमें से आधा हिस्सा केकैयी को दिया इसके पश्चात कौशल्या और केकैयी ने अपने हिस्से से आधा-आधा हिस्सा तीसरी पत्नी सुमित्रा को दे दिया। इसीलिए चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में माता कौशल्या की कोख से भगवान श्री राम जन्मे। केकैयी से भरत ने जन्म लिया तो सुमित्रा ने लक्ष्मण व शत्रुघ्न को जन्म दिया।

कैसे मनाते हैं रामनवमी

भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है। वे स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। अनेक उदाहरण हैं जहां वे अपनी पत्नी सीता के प्रति समर्पित व उनका सम्मान करते नजर आते हैं। वे समाज में व्याप्त ऊंच-नीच को भी नहीं मानते। शबरी के झूठे बेर खाने का और केवट की नाव चढ़ने का उदाहरण इसे समझने के लिए सर्वोत्तम है। वेद शास्त्रों के ज्ञाता और समस्त लोकों पर अपने पराक्रम का परचम लहराने वाले, विभिन्न कलाओं में निपुण लंकापति रावण के अंहकार के किले को ध्वस्त करने वाले पराक्रमी भगवान श्री राम का जन्मोत्सव देश भर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री राम की भक्ति में डूबकर भजन कीर्तन किए जाते हैं। श्री रामकथा सुनी जाती है। रामचरित मानस का पाठ करवाया जाता है। श्री राम स्त्रोत का पाठ किया जाता है। कई जगहों भर भगवान श्री राम की प्रतिमा को झूले में भी झुलाया जाता है। रामनवमी को उपवास भी रखा जाता है। मान्यता है कि रामनवमी का उपवास रखने से सुख समृद्धि आती है और पाप नष्ट होते हैं।

जब प्रभु श्रीराम ने दिया भक्त हनुमान को वरदान

लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्रीराम अयोध्या में अपने परिजनों के साथ बैठे हुए थे। श्रीराम, हनुमानजी द्वारा की गई सहायता को याद कर भावविभोर हो रहे थे। वह बोले, ' हनुमान ने संकट के समय मेरी सहायता की, लेकिन मैंने उन्हें कुछ भी नहीं दिया।' उन्होंने हनुमानजी से कहा, मैंने विभीषण को लंका का राज्य दिया। सुग्रीव को किष्किंधा का राजा और अंगद को युवराज बनाया। आज मैं तुम्हें भी कुछ देना चाहता हूं। इसलिए तुम इच्छित वर मांग सकते हो। हनुमानजी निष्काम भक्ति के साकार रूप थे। उन्होंने श्रीराम से विनम्रता से कहा, प्रभु आप मुझसे बहुत प्रेम करते हैं। मुझ पर आपकी असीम कृपा है। अब और मांगकर क्या करूंगा। लेकिन श्रीराम हनुमानजी को उस दिन कुछ न कुछ देने के लिए आकांक्षी थे। अचानक हनुमानजी ने कहा कि, भगवान आपने सभी को एक-एक पद (चरण) दिए हैं। क्या आप मुझे भी पद दे सकेंगे। श्रीराम कुछ समझ नहीं पाए, फिर भी बोले तुम्हें कौन सा पद चाहिए हनुमान?

हनुमानजी अपने स्थान से उठे और उन्होंने प्रभु राम के चरण पकड़ लिए। हनुमानजी बोले, मैं इन दो पदों की हर क्षण सेवा करता रहूं, यही वरदान चाहिए। श्रीराम की आंखों से अश्रु बहने लगे और उन्होंने श्री हनुमान जी को को गले लगा कर यह वरदान दिया कि जीवन भर उनकी सेवा करते रहें।

श्रीराम की आराधना करें शिव के साथ

'भगवान शिव' राम के इष्ट एवं 'राम' शिव के इष्ट हैं। ऐसा संयोग इतिहास में नहीं मिलता कि उपास्य और उपासक में परस्पर इष्ट भाव हो इसी स्थिति को संतजन 'परस्पर देवोभव' का नाम देते हैं। शिव का प्रिय मंत्र 'ऊ नमः शिवाय' एवं 'श्रीराम जय राम जय जय राम' मंत्र का उच्चारण कर शिव को जल चढ़ाने से भगवान शिव अत्यंत प्रसन्न होते हैं। भगवान राम ने स्वयं कहा है : 'शिव द्रोही मम दास कहावा सो नर मोहि सपनेहु नहि पावा।' अर्थात जो शिव का द्रोह कर के मुझे प्राप्त करना चाहता है वह सपने में भी मुझे प्राप्त नहीं कर सकता। इसीलिए शिव आराधना के साथ श्रीरामचरितमानस पाठ का बहुत महत्वपूर्ण होता है।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम 14 वर्ष के वनवास काल के बीच जब जाबालि ऋषि की तपोभूमि मिलने आए तब भगवान गुप्त प्रवास पर नर्मदा तट पर आए। उस समय यह पर्वतों से घिरा था। रास्ते में भगवान शंकर भी उनसे मिलने आतुर थे, लेकिन भगवान और भक्त के बीच वे नहीं आ रहे थे। भगवान राम के पैरों को कंकर न चुभें इसीलिए शंकरजी ने छोटे-छोटे कंकरों को गोलाकार कर दिया। इसलिए कंकर-कंकर में शंकर बोला जाता है। जब प्रभु श्रीराम रेवा तट पर पहुंचे तो गुफा से नर्मदा जल बह रहा था। श्रीराम यहीं रुके और बालू एकत्र कर एक माह तक उस बालू का नर्मदा जल से अभिषेक करने लगे। आखिरी दिन शंकरजी वहां स्वयं विराजित हो गए और भगवान राम-शंकर का मिलन हुआ। शिवप्रिय मैकल सैल सुता सी, सकल सिद्धि सुख संपति राशि, रामचरित मानस की ये पंक्तियां श्रीराम और शिव के चरण पड़ने की साक्षी है।

श्रीराम के प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा

ललित गर्ग

यदि हम रामराज्य के अभिलाषी हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी की अवधारणा के अनुरूप शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही होगा। ऐसा कोई भी कार्य हमें प्रत्येक दशा में बन्द करना होगा जो वायु एवं जल को प्रदूषित करता हो चाहे उससे कितना भी भौतिक लाभ मिलता हो। पर्यावरण प्रदूषण का मूल कारण है हमारी भौतिक लिप्सा। धरती मानव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सक्षम है।

एक युगांतरकारी घटना के तहत भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों के बाद टेंट से निकलकर मन्दिर में स्थापित हुए। भारत के जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलने लगी है, भारत ने एक नये युग में प्रवेश किया। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना होगा, स्वयं को श्रीराममय एवं प्रकृतिमय बनाना होगा, तभी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी मनाना सार्थक होगा। श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मयार्दा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी

स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा।

आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। जो बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है।

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्त्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बृद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है। वरन इसका पाठ पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर किया जाता है।

यदि हम रामराज्य के अभिलाषी हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी की अवधारणा के अनुरूप शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही होगा। ऐसा कोई भी कार्य हमें प्रत्येक दशा में बन्द करना होगा जो वायु एवं जल को प्रदूषित करता हो चाहे उससे कितना भी भौतिक लाभ मिलता हो। पर्यावरण प्रदूषण का मूल कारण है हमारी भौतिक लिप्सा। धरती मानव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सक्षम है। हम यह भी नहीं सोच पा रहे हैं कि असीमित विदोहन जारी रहने से मानव की आने वाली सन्तति का भविष्य क्या होगा? आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य पृथ्वी का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो पृथ्वी भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। निश्चित ही इन सभी समस्याओं का समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम में मिलता है, श्रीराम के मन्दिर का उद्घाटन निश्चित ही रामराज्य की स्थापना की ओर अग्रसर होने का दुर्लभ अवसर है, इस अवसर पर हमें श्रीराम के प्रकृति-संरक्षण की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए देश ही नहीं, दुनिया की पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन एवं सृष्टि-असंतुलन की समस्याओं से मुक्ति पानी चाहिए, यही सच्चे अर्थों में रामनवमी मनाने का सार्थक सन्देश होगा।

संपादकीय

पसमांदा के हित में

उम्मीद विधेयक राज्य सभा से भी पारित हो गया और अब इसके विधिवत कानून बनने में राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की औपचारिकता भर रह गई है। इस पर करीब 13 घंटे की लंबी बहस राज्य सभा में भी हुई। सरकारी पक्ष ने अपने उन्हीं तकरे को और अधिक वजनदारी के साथ आगे बढ़ाया जो उसने लोक सभा में रखे थे। यहां उम्मीद थी कि विपक्ष के खामियों का समुचित जवाब देंगे जो खामियां इस विधेयक को लाने का कारण बनी, लेकिन मुस्लिम वक्ताओं के साथ-साथ विपक्षी वक्ता भी इसे असंवैधानिक बताते रहे। यानी वे मुसलमान के इसी तर्क की पुष्टि करते रहे कि वक्फ बोर्ड अल्लाह के लिए है, इस्लामी कानून के तहत है, शरीयत की विधियों से संचालित है। इसलिए इसमें दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस बहस ने कथित धर्मनिरपेक्षता का वह चेहरा फिर से उजागर कर दिया कि इस्लामी विधियों और प्रावधानों के साथ खड़े होना, भले ही वह आधुनिक युग में कितने भी निर्थक क्यों ना हो गई हो, धर्मनिरपेक्षता है। यह धर्मनिरपेक्षता अंततः उन्हें कहां ले जाएगी यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन हाल-फिलहाल इसकी बुरी तरह पराजय हुई है। विपक्ष अगर सचमुच इस मामले में अपनी साख बचाना चाहता है तो उसे यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वक्फ कानून नये संशोधनों के साथ अस्तित्व में आ गया है। अब उसको ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहिए कि इस नये कानून के आलोक में वक्फ बोर्ड भू-माफियाओं और निजी लाभ को पाने वाले स्वार्थी समूह की गिरफ्त से बाहर आए और उसका लाभ मुसलमान तक पहुंचे जो उसके वास्तविक हकदार हैं। विपक्ष को मुल्ला, मौलानाओं और मुसलमान की राजनीति करने वाले राजनेताओं का मोह त्याग कर पसमांदा और सबसे निचली पायदान पर खड़े मुसलमानों के हित की वास्तविक लड़ाई लड़नी चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि मुस्लिम राजनीति गरीब मुसलमानों की आंख पर पट्टी बांधकर उनका दोहन, शोषण करती रही है और उन्हें अपने राजनीतिक हितों का मोहरा बनती रही है। इन मुसलमानों को कट्टरपंथी और स्वार्थी समूहों के चंगुल से बाहर निकलना समय की मांग है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विपक्ष इस मांग को सुनेगा और अपनी मौजूदा नीति से बाहर निकाल कर निम्नवर्गीय मुसलमानों के हित में संघर्ष करेगा।

चिंतन-मनन

अज्ञान का आवरण

गुरू के पास डंडा था। उस डंडे में विशेषता थी कि उसे जिधर घुमाओ, उधर उस व्यक्ति की सारी खामियां दिखने लग जाएं। गुरू ने शिष्य को डंडा दे दिया। कोई भी आता, शिष्य डंडा उधर कर देता। सब कुरूप-ही-कुरूप सामने दीखते। अब भीतर में कौन कुरूप नहीं है? हर आदमी कुरूप लगता। किसी में प्रोध ज्यादा, किसी में अहंकार ज्यादा, किसी में घृणा का भाव, किसी में ईष्या का भाव, किसी में द्वेष का भाव, किसी में वासना, उत्तेजना। हर आदमी कुरूप लगता। बड़ी मुसीबत, कोई भी अच्छा आदमी नहीं दिख रहा है।

उसने सोचा, गुरूजी को देखूं, कैसे हैं? गुरू को देखा तो वहां भी कुरूपता नजर आई। गुरू के पास गया और बोला कि महाराज! आप में भी यह कमी है। गुरू ने सोचा कि मेरे अस्त्र का मेरे पर ही प्रयोग! गुरू आखिर गुरू था। उसने कहा कि डंडे को इधर-उधर घुमाते हो, कभी अपनी ओर भी जरा घुमाओ। घुमाकर देखा तो पता चला कि गुरू में तो केवल छेद ही थे, यहां तो बड़े-बड़े गड्ढे हैं। वह बड़े असमंजस में पड़ गया।

कहने का अर्थ यह कि हमारी इन्द्रियों की शक्ति सीमित है। दूर की बात नहीं सुन पाते। भीतर की बात नहीं देख पाते। बहुत अच्छा है, अगर कान की शक्ति बढ़ जाए तो आज की दुनिया में इतना कोलाहल है कि नींद लेने की बात ही समाप्त हो जाएगी। देखने की शक्ति बहुत पारदर्शी बन जाए तो इतने बीभत्स दृश्य हमारे सामने आएंगे कि फिर आदमी का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। कुरूपता तो चेतना के भीतर होती है। प्रकृति की विशेषता है कि हमारा अज्ञान का आवरण टूट नहीं पा रहा है।

भाजपा स्थापना दिवसः ध्येनिष्ठ कार्यकताओं की शक्ति भाजपा

हेमेन्द्र क्षीरसागर

देश को एक समर्थ राष्ट्र बनाने की मीमांसा के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में की गई। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी।

भारतीय जनसंघ

गांधीजी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाकर देश में एक नया राजनीतिक षड्यंत्र रचा जाने लगा। सरदार पटेल के देहावसान के पश्चात कांग्रेस में नेहरू का अधिनायकवाद प्रबल होने लगा। गांधी और पटेल दोनों के ही नहीं रहने के कारण कांग्रेस नेहरूवाद की चपेट में आ गई तथा अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस- परमिट- कोटा राज, राष्ट्रीय सुरक्षा पर लापरवाही, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक विषय देश में राष्ट्रवादी नागरिकों को उद्विग्न करने लगे। नेहरूवाद तथा पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर भारत के चुप रहने से क्षुब्ध होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरु मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। इधर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ स्वयंसेवकों ने भी प्रतिबंध के दंश को झेलते हुए महसूस किया कि संघ के राजनीतिक क्षेत्र से सिद्धांततः दूरी बनाये रखने के कारण वे अलग-थलग तो पड़े ही, साथ ही संघ को राजनीतिक तौर पर निशाना बनाया जा रहा था। ऐसी परिस्थिति में एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल की आवश्यकता देश में महसूस की जाने लगी। फलतः भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय में हुई। नेहरू के अधिनायकवादी रवैये के फलस्वरूप डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कश्मीर की जेल में डाल दिया गया, जहां उनकी रहस्यपूर्ण स्थिति में मृत्यु हो गई। एक नई पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य पं दीनदयाल उपाध्याय के कंधों पर आ गया। भारत-चीन युद्ध में भी भारतीय जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ का पं दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई।

जनता पार्टी में विलय

सत्तर के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में निरंकुश होती जा रही कांग्रेस सरकार के विरूद्ध देश में जन-असंतोष उभरने लगा। जनान्दोलनों से घबराकर इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने जनता की आवाज को दमनचक्र से कुचलने का प्रयास किया। परिणामतः 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया गया। देश के सभी बड़े नेता या तो नजरबंद कर दिये गए अथवा जेलों में डाल दिए गये। समाचार पत्रों पर सेंसर लगा दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेक राष्ट्रवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हजारों कार्यकताओं को मीसा के तहत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। देश में लोकतंत्र पर खतरा मंडराने लगा। ये जनसंघर्ष को देखते हुए इंदिरा गांधी ने 18 जनवरी, 1977 को लोकसभा भंग कर दी। दौरान जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर एक नये राष्ट्रीय दल जनता पार्टी का गठन किया गया। आम चुनावों में कांग्रेस की करारी हार हुई। जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई। पूर्व घोषणा के अनुसार 1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने करीब 5000 प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया।

पंचनिष्ठा प्रतिपादित

भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। पार्टी ने अपनी पंचनिष्ठा व्यक्त की हैं।-

राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सर्व धर्म समभाव, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति। स्तुत्य, आज भाजपा देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है। देश के सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्प है। आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी, जो आज सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की उद्घोषणा के साथ गौरव सम्पन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही है। अभिभूत, राष्ट्रीय अध्यक्ष डां जेपी नड्डा के नेतृत्व में ध्येनिष्ठ कार्यकताओं की शक्ति भाजपा लगभग 12 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है।

भूकंप : कांपती धरती और उपजते सवाल

योगेश कुमार गोयल

म्यांमार में 28 मार्च को रिक्टर स्केल पर आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। म्यांमार और थाईलैंड में यह 200 साल का सबसे भीषण भूकंप बताया गया।

यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे द्वारा मौतों का आंकड़ा 10 हजार से भी ज्यादा होने की आशंका जताई गई है। भूकंप के झटके थाईलैंड, बांग्लादेश, चीन और भारत तक महसूस किए गए। भूकंप के कारण म्यांमार की दुर्दशा को देखते हुए भारत में भी लोगों के मन में सवाल उमड़ रहे हैं कि कहीं देश के विभिन्न हिस्सों में बार-बार कांपती धरती किसी बड़ी तबाही का सिग्नल तो नहीं है। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के एक अध्ययन में बताया जा चुका है कि 20 भारतीय शहरों तथा कस्बों में भूकंप का खतरा सर्वाधिक है, जिनमें दिल्ली सहित नौ राज्यों की राजधानियां भी शामिल हैं।

हिमालयी पर्वत श्रृंखला क्षेत्र को दुनिया में भूकंप के मामले में सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में जमीन के नीचे दिल्ली-मुरादाबाद फॉल्ट लाइन, मथुरा फॉल्ट लाइन तथा सोहना फॉल्ट लाइन मौजूद है। जहां फॉल्ट लाइन होती है, भूकंप का अधिकेंद्र वहीं बनता है। बड़े भूकंप फॉल्ट लाइन के किनारे ही आते हैं, और दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरी हिमालयन बेल्ट को भूकंप से ज्यादा खतरा है। एनसीएस के पूर्व प्रमुख डॉ. एके शुक्ला के मुताबिक, उत्तर भारत में हिमालयन बेल्ट से ज्यादा खतरा है, जहां 8 की तीव्रता वाले भूकंप आने की शंका है। हालांकि ज्यादा तीव्रता का बड़ा भूकंप आने की आशंकाओं के बारे में वैज्ञानिकों का कहना है कि सटीक अनुमान लगाना संभव नहीं है कि यह कब आ सकता है। दरअसल, भूकंप के सटीक पूवार्नुमान का अब तक न कोई उपकरण है, और न ही कोई मैकेनिज्म।

राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिक हालांकि बार-बार धरती के कांपने को लेकर अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन उनका कहना है कि भू-जल का गिरता स्तर भी प्रमुख वजह के रूप में सामने आ रहा है जबकि अन्य कारण भी तलाशे जा रहे हैं। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, देहरादून तथा आईआईटी, कानपुर भी दिल्ली तथा आसपास के इलाकों का अध्यनन करते हुए एनसीएस की मदद कर रहे हैं। दिल्ली एनसीआर को तो भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील इलाका माना जाता है, जो दूसरे नंबर के सबसे खतरनाक सिस्मिक जोन-4 में आता है। एक अध्ययन के मुताबिक, दिल्ली में करीब 90 फीसद मकान कंक्रीट और सरिये से बने हैं, जिनमें से 90 फीसदी इमारतें रिक्टर स्केल पर छह तीव्रता से तेज भूकंप को झेलने में समर्थ नहीं हैं। एनसीएस के एक अध्ययन के अनुसार दिल्ली का करीब 30 फीसद हिस्सा तो जोन-5 में आता है, जो भूकंप की दृष्टि से सर्वाधिक संवेदनशील है।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक रिपोर्ट में भी बताया जा चुका है कि दिल्ली में बनी नई इमारतें 6 से 6.6 तीव्रता के भूकंप को झेल सकती हैं जबकि पुरानी इमारतें 5 से 5.5 तीव्रता का भूकंप ही सह सकती हैं। विशेषज्ञ बड़ा भूकंप आने पर दिल्ली में जान-माल का ज्यादा नुकसान होने का अनुमान इसलिए भी लगा रहे हैं क्योंकि दिल्ली में प्रति वर्ग किमी. में करीब दस हजार लोग रहते हैं, और कोई भी बड़ा भूकंप 300-400 किमी. की रेंज तक असर दिखाता है। भूकंप के झटकों को लेकर दुनिया भर के भूगर्भशास्त्रियों तथा भूकंप विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय धरती की टेक्टोनिक प्लेटें खिसक रही हैं, और उन्हीं के कारण इतने भूकंप आ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक कई बार जब दो टेक्टोनिक प्लेटों के बीच में बनी गैस या प्रेशर रिलीज होता है, तब भी भूकंप के झटके आते हैं। गर्मियों में यह स्थिति ज्यादा देखने को मिलती है। हिमालय में बड़े भूकंप की आशंका जताते हुए वैज्ञानिक कह चुके हैं कि हिमालय पर्वत श्रृंखला में सिलसिलेवार भूकंपों के साथ कभी भी बड़ा भूकंप आ सकता है, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर आठ से भी ज्यादा हो सकती है।

भूकंप वैज्ञानिकों के अनुसार 8.5 तीव्रता वाला भूकंप 7.5 तीव्रता के भूकंप के मुकाबले करीब 30 गुना ज्यादा शक्तिशाली होता है। भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समक्ष हालांकि मनुष्य बेबस है क्योंकि ये आपदाएं बगैर चेतावनी के आती हैं, जिससे इनकी मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाती है लेकिन हम ऐसे प्रबंध तो कर ही सकते हैं, जिनसे भूकंप आने पर नुकसान की आशंका न्यूनतम रहे। जापान ऐसा देश है जहां सबसे ज्यादा भूकंप आते हैं, लेकिन उसने भवन निर्माण और बुनियादी सुविधाओं का ऐसा मजबूत ढांचा विकसित कर लिया है, जिससे भूकंपों के कारण कम नुकसान होता है। रिक्टर स्केल पर 5 तक की तीव्रता वाले भूकंप को खतरनाक नहीं माना जाता लेकिन यह भी क्षेत्र की संरचना पर निर्भर करता है। इसीलिए विशेषज्ञों का कहना है कि नई इमारतों को भूकंपरोधी बना कर तथा पुरानी इमारतों में अपेक्षित सुधार कर जान-माल के बड़े नुकसान से बचा जा सकता है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Geopolitical fault lines in the Northeast

Media reports on Wednesday quoted statements attributed to Muhammad Yunus, chief adviser to the interim government of Bangladesh, which he reportedly made during his recent visit to China. He has imagined and projected the landlocked seven sisters (our Northeastern states) along with Bangladesh as an extension of the Chinese economy, with Bangladesh and its ports playing a pivotal role. With these remarks, he is trying to leverage the geographical situation prevailing in the Chicken's Neck area (also known as the Siliguri Corridor), a narrow strip of land in West Bengal's Siliguri that connects the Northeast and the rest of India.Yunus is trying to add a new dimension to this problem, I am certain that the Government of India must have already taken cognisance and strategised ways to meet such a contingency.Media reports on Wednesday quoted statements attributed to Muhammad Yunus, chief adviser to the interim government of Bangladesh, which he reportedly made during his recent visit to China. He has imagined and projected the landlocked seven sisters (our Northeastern states) along with Bangladesh as an extension of the Chinese economy, with Bangladesh and its ports playing a pivotal role. With these remarks, he is trying to leverage the geographical situation prevailing in the Chicken's Neck area (also known as the Siliguri Corridor), a narrow strip of land in West Bengal's Siliguri that connects the Northeast and the rest of India.Yunus is trying to add a new dimension to this problem, I am certain that the Government of India must have already taken cognisance and strategised ways to meet such a contingency.Till 2023 and the start of violence in Manipur, peace had prevailed in the Northeast after decades of unrest and violence. There was a ceasefire in Nagaland and elected governments were in place in Assam, Arunachal Pradesh, Mizoram, Meghalaya, Tripura and Manipur.

The Government of India has done an admirable job with the help of the army, security forces and police in bringing peace to the area and the restoration of the democratic process. The interaction and integration between the Northeast and the rest of India has improved and people of the area are going to other parts for studies and employment. Tourism has also begun to grow green shoots.However, an unfortunate Manipur High Court ruling recommended that the state government should move the GoI to include the dominant Meiteis as a Scheduled Tribe and, thereby, allowed for affirmative action (also implying the opening of purchase of land in the hills by outsiders). Knowing the potential of harm likely to be caused by the ruling, the state government should have taken immediate steps to challenge the ruling through judicial means (it could have easily done so).

The hill tribes, fearing loss of land and identity due to the anticipated influx of outsiders, reacted on a massive and sometimes violent scale. Unfortunately, the matter was not handled properly at the state level and the situation was allowed to descend into unrest and violence. The people of the valley and the hills clashed in large numbers and police armouries were looted and many arms were taken away (most of which have not been recovered). The army and the paramilitary forces were not used aptly and the police were not up to it.Now, some kind of peace has been restored, but the social fabric has been torn asunder and silence is the only dialogue. The hill people have not been able to go back to their old way of life.We are sitting on a powder keg, which one volatile statement can set off. The process of dialogue between the communities and the government was not initiated in the early stages and the state government opted to use strong-arm methods, which failed.

The situation in the Northeast requires political acumen and statesmanship of the highest order. We should not wait for the situation to escalate and then try to douse the fires. I would like totake just a passing glance at the other states.

Mizoram has been quiet for long, but now some ominous signs are visible. As reported in the press, the Government of India had asked Mizoram to not take in Rohingya refugees from Myanmar and set up camps for them.

Trump's trade war may sound death knell for WTO

